ten our prestige before the country? Would the Huose and the Parliamentary Affairs Minister consider whether this practice should be followed?

SHORT DURATION DISCUSSION ON THE STRIKE BY UNIVERSITY AND COLLEGE TEACHERS ALL OVER THE COUNTRY

श्री लाल कृष्ण आडवाणी (मध्य प्रदेश) : मान्यवर, आज देश भर के विश्वविद्यालयों और कालेजों के अध्यापक, जिनकी संख्या शायद 2 लाख 30 हजार है, वह अपनी हड़ताल के पन्द्रहवें दिन पर पहुंचे हैं। यह हड़ताल 4 अगस्त से हुई थी। जहां तक मुझे स्मरण है, हिन्दुस्तान के विश्वविद्यालयों के इतिहास में ऐसी राष्ट्रव्यापी हड़ताल पहले कभी नहीं हुई। मानव संसाधन मंत्री श्री पी० वी० नरसिंह राव यहां पर उपस्थित हैं और उनके कार्यकाल में ऐसी हड़ताल हो, इसका मुझे दुख होता है। उनसे यह अपेक्षा थी कि वे इस स्थिति तक अध्यापकों को पहुंचने ही नहीं देंगे। उन्होंने जिस समय टोकन-स्ट्राइक की थी एक दिन की, तभी अपेक्षा की गयी थी कि कोई न कोई रास्ता निकलेगा और यह टोकन, जो उन्होंने एक प्रकार का संकेत दिया है, उस संकेत को समझकर भारत सरकार समुचित कार्यवाही करेगी और उनकी बातें सुन कर कोई रास्ता निकालेगी। लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि ऐसा हुआ नहीं दूसरे सदन में जो चर्चा है तथा उसमें मंत्रीजी ने जो जवाब दिया है कि उससे मुझे लगता है कि स्थिति और जटिल हुई है सुलझने के बजाय। उनको शायद ऐसा दिखायी देने लगा है कि अध्यापकों में वह क्लाउट नहीं है जो बाकी विभिन्न वर्गों में है और इसीलिए उनकी बात न्यायोचित होते हुए भी सुनी नहीं जाती। मैं किसी के साथ तुलना नहीं करता हूं, लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं है कि बाकी कई ऐसे वर्ग हैं जो अगर हड़ताल करते हैं तो उस हड़ताल का सीधा प्रभाव साधारण जीवन पर पड़ता है और इस ढंग से पड़ता है कि जिसके कारण सरकार को सही या गलत कुछ-न-कुछ करना ही पड़ता है। लेकिन हड़ताल का सीधा प्रभाव नहीं पड़ता दूरगामी प्रभाव पड़ता है, बहुत गहरा पड़ता है और यह राष्ट्र के लिए बहुत घातक, बहुत हानिकारक है। उपसभाध्यक्ष महोदय, आज से 4 साल पहले दिल्ली में ही मुझे स्मरण है कि 109 दिन की ऐतिहासिक हड़ताल हुई थी। उससे भी देश को हानि हुई। लेकिन वह दिखायी नहीं देती। इसीलिए मैंने इस शब्द का उपयोग किया कि शायद अध्यापकों के पास क्लाउट नहीं है जो कुछ और वर्गों के पास है और जैसे ही हड़ताल होती है सरकार तुरन्त हस्तक्षेप करती है, कुछ न कुछ तरीका निकालती है, रास्ता निकालती है समझौता कर लेती है और ठीक कर लेती है।

SHRI NIRMAL CHATTERJEE (West Bengal Has it happened in the case of sick textile mills? Has it happened in the case of textile workers?

SHRI LAL K. ADVANI: I have not mentioned any particular example; I have merely stated.

उपसभाध्यक्ष महोदय, कम से कम नरसिंहराव जी से मैं यह अपेक्षा करता था कि वे इस चीज का केवल टैक्निकलटीज के आधार पर नहीं देखेंगे कि हड़ताल पर हैं, क्या बात करें। उस दिन जब प्रश्नोत्तर हो रहे थे और मंत्रीजी जवाब दे रहे थे तो मुझे तो आश्चर्य हुआ कि यह कैसी बात कह दी। सरकार ने 17 जून को एक घोषणा की मेहरोत्रा कमेटी के आधार पर और उस घोषणा के कारण ही यह उसके बाद की घटनाएं हुई। मैं उस घोषणा का विरोध करता हूं, मूलतः विरोध करता हूं कि गलत है। उसमें कई ऐसे पहलू हैं, मैं समझता हूं, कि जिन्हें स्वीकार करना मुश्किल होगा। मैं मानता हूं कि उस घोषणा में भारत सरकार ने 1973 में जो पैरिटी का सिद्धांत स्वीकार किया था अध्यापकों और क्लास-I के बीच, उस पैरिटी के सिद्धांत का हनन किया है। मैं यह मानता हूं कि उस घोषणा में विश्वविद्यालय की स्वायत्तता पर हमला किया गया है

और मैं यह भी मानता हूं कि इस घोषणा को अगर पूरी तरह से कार्यान्वित किया जाएगा तो एक प्रकार से हिन्दुस्तान में उच्च शिक्षा, हायर एजुकेशन का ब्युरोक्रटायजेशन हो जाएगा । मैं इन तीन कारणों से इस घोषणा को उचित नहीं मानता हूं और मैं समझता हूं कि उस पर पुनर्विचार करने की जरूरत है ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, वैसे तो 17 जून को घोषणा हुई और हिन्दुस्तान के 2 लाख से अधिक अध्यापकों को नए वेतनमान मिले । साधारणत: तो इसके कारण हर्ष होना चाहिए था, स्वागत होना चाहिए था विशेषकर इसलिए कि 14 साल के बाद कालेजों और विश्वविद्यालयों के अध्यापकों को बढ़े हुये वेतन मिले थे ।

1973 की जनवरी में जो वेतनमान में वृद्धि हुई सेन कमेटी की सिफारिशों के अनुसार, उसी सेन कमेटी ने कहा था कि हर पांच साल में वेतनमान का पुनरीक्षण होना चाहिये, रिवीजन होना चाहिये । 1973 के बाद 1978 में रिवीजन होना चाहिये था, 1978 में रिवीजन नहीं हुआ । उसके बाद 1983 में होना चाहिये था, 1983 में नहीं हुआ और अब आकर 1987 में रिवीजन हुआ तो उसके कारण खुशी होनी चाहिये थी, खुशी के बजाय ऐसी नाराजगी हुई है कि हिन्दुस्तान भर में जो पहले कभी नहीं हुआ वह हो रहा है और सारे हिन्दुस्तान के अध्यापकों ने हड़ताल कर दी ।

इतना ही नहीं, यहां पर ट्रेड यूनियन की बात भी कही गई, लेकिन हिन्दुस्तान के 6 विश्वविद्यालयों में जिनमें विश्व भारती भी शामिल है, जिसमें जे० एन० यू० भी शामिल है, जिसमें अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी भी शामिल है, इन विश्वविद्यालयों ने इस घोषणा को अस्वीकार किया है और कहा है कि हम इससे सहमत नहीं है और इनकी कोई अध्यापकों का ट्रेड यूनियन है, अध्यापकों की ऐसोशियेशन है तो वह अपनी हैसियत से कर सकते हैं, यह आरोप भी नहीं लगा सकते हैं । लेकिन वे मानते हैं कि यह घोषणा हमारी स्वायत्तता पर अतिक्रमण है, हमारी स्वायत्तता पर आघात है और इसीलिये हम इसे स्वीकार नहीं कर सकते। मेरी अध्यापकों से जो बात हुई है उससे मुझे इस बात का भी अफसास हुआ है कि आर्थिक दृष्टि से जितना इनफलेशन का न्यूट्रलाइजेशन होना चाहिये था 14 साल बाद, वह इन प्रस्तावों द्वारा नहीं होता है और कुछ लेवल्स पर कुछ स्केल्स में तो 36 परसेंट का इनफलेशन अन-कवर्ड रह जाता है, कहीं कहीं पूरा भी हो जाता है । लेकिन उनकी शिकायत यह आर्थिक कम है, प्राय: नगण्य है, प्रमुख रूप से उनकी शिकायत जो है, इस याजना के कारण जो उनका स्टेटस है, उस पर प्रभाव पड़ता है। सामाजिक जीवन में जो अध्यापक की स्थिति है और कालेजों और विश्वविद्यालयों में जिस प्रकार के अध्यापक आकृष्ट होकर आने चाहिये, उस पर प्रभाव पड़ने के कारण वहां पर गंभीर चिन्ता है ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, हर एक कमेटी कहती आई है कि व्यवस्था ऐसी होनी चाहिये कि जिसके कारण योग्यतम लोग अध्यापन कार्य में लगें । मैं अगर गलती नहीं करता हूं तो मेहरोत्रा कमेटी में, जिसकी सिफारिशों के आधार पर ही ये प्रस्ताव लाये गये हैं, उसकी रिपोर्ट में भी कहा गया है कि जो छात्र विश्वविद्यालय की शिक्षा पूरी करके, पोस्ट ग्रेजुएशन करके फर्स्ट क्लास में उत्तीर्ण होते हैं, उनके सामने जो विकल्प होते हैं, जो रास्ते हैं उनमें से अध्यापन कार्य पांचवीं चायस है । मैं देख रहा था "चेलेंज आफ ऐजुकेशन आन पालिसी पर्सपक्टिव" जो शिक्षा मंत्रालय ने पिछले वर्ष जारी किया था, उसमें भी इसका जिक्र है चाहे वह आइडेंटिफाई नहीं किया है कि पांचवीं चायस है । लेकिन इसमें भी कहा गया है :

[श्री लाल कृष्ण अडवाणी]

"Teaching has come the last choice in the job market."

अब अपेक्षा यह है कि यह जो नई ऐजुकेशन पालिसी हमने बनाई है और जिसका आश्रय लेकर बार बार मंत्री जी अपने प्रस्ताव का समर्थन करते हैं तो उस नई शिक्षा नीति में, स्थिति में परिवर्तन करने की कोशिश की जायेगी? व्यवस्था ऐसी हो रही है जिसके कारण और खराब स्थिति होगी। मैंने जैसे पहले कहा, मैं इसको ब्यूरोक्रेटाइजेशन मानता हूं। ब्यूरोक्रेसी और शिक्षण संस्थाओं में बहुत बड़ा अंतर है। लेकिन ब्यूरोक्रेसी में भी सब जगह दुनियां भर में और हिन्दुस्तान में भी प्रयत्न यह होता है कि ग्रेडस और स्केल कम से कम हों। फर्स्ट पे कमीशन बना था, बहुत सारे ग्रेडस थे, उनको कम किया। सेकिंड पे कमीशन बना तो देखा कि जितने ग्रेड कम किये थे, फिर से उतने बढ़ गए और फिर कम करते गये। फोर्थ पे-कमीशन अभी-अभी बना था और जब उस कमीशन ने अपना काम शुरू किया तो उसके सामने बहुत से पे-स्केल्स थे उन स्केलों को कम करके उन्होंने 36 कर दिये। इसके लिये उन्होंने एक आर्गुमेंट दिया जो बहुत उपयुक्त है उन्होंने कहा

A few grades with clearly defined differences of responsibilities corresponding to different scales of pay will be acceptable, but posts graded and paid differently, yet without discernible differentiation of duties can have an adverse effect on morale."

यह तर्क इतना सीधा है, साफ है कि किसी के भी समझ में आ सकता है। इसलिये इस 17 जून की घोषणा से देश के अध्यापक भौचक्के रह गये, अचम्भे में आ गये। मेहरोत्रा कमेटी की सिफारिश में पहले के जो तीन ग्रेड थे—लेक्चरार, रीडर और प्रोफेसर इनके स्थान पर 6 ग्रेड लाने की कोशिश की गयी है। मंत्रालय ने 7 ग्रेड कर दिये हैं। इसका क्या तर्क है? मैं मंत्री जी का वक्तव्य पढ़ा लेकिन मेरे समझ में नहीं आया। मुझे लगता है कि ग्रेडस की मल्टीप्लिसिटी के कारण कन्फ्यूजन पैदा होता है, परस्पर अन्तर-विरोध होता है, इन्टरनल कांफलिक्ट पैदा होते हैं। लेकिन एक प्रकार से ऊपर बैठे हुये ब्यूरोक्रेसी डिवाइड एंड रूल की पालिसी चलाना चाहते हैं क्योंकि उस को अपनाने में सुविधा होती है। इसीलिये सबसे प्रमुख आपत्ति देश के अध्यापकों की यह है कि जो पूर्व व्यवस्था थी उसको बदला जा रहा है। उसको बदलने के करण उसका एक और भंयकर परिणाम निकलता है। बड़े घर्ष के बाद 1983 में जो उन को मेरिट प्रोमोशन मिली थी वह साथ साथ खत्म हो जाती है। इससे पहले पूरा प्रोमोशन हो सकता था। लेक्चरार से प्रोमोशन पाकर रीडर बनता था और रीडर से प्रोमोशन पाकर प्रोफेसर बनता था। लेकिन नयी व्यवस्था में लेक्चरार जो भर्ती होगा आजीवन लेक्चरार ही रहेगा। प्रोमोशन के माध्यम से उस को पदोन्नति का कोई अवसर नहीं मिलेगा। ऊपर उठने का कोई अवसर नहीं होगा। साधारणतया वह कम्पीटीशन में जायेगा उसके द्वारा ही रीडर बन सकता है उसके द्वारा ही प्रोफेसर बना सकता है। 1983 में यह एक बहुत बड़ी उपलब्धि देश के टीचर्स ने प्राप्त की थी। सेन कमेटी की सिफारिशों के कारण, संघर्ष के कारण और सबसे बढ़कर हाई कोर्ट के इन्टरवेंशन के कारण दिल्ली उच्च न्यायालय ने उस समय हस्तक्षेप किया था और हस्तक्षेप के कारण यह किया गया था कि इसकी व्यवस्था होनी चाहिए कि कम से कम एक बार टीचर को, लेक्चरार को प्रोमोशन मिल सके अपनी सेवा के आधार पर और चयन के आधार पर। मैंने देखा कि मंत्री ने यह धारणा पैदा करने की कोशिश की कि लेक्चरार ईवेल्युशन के खिलाफ हैं। वह चाहते हैं कि अटोमेटिकली विद द अफलेक्स आफ टाइम उनको रीडरशिप मिल जाये, विद अफलेक्स आफ टाइम उनको प्रोफेसरशिप मिल जाये। मैं समझता हूं यह कहना उनके साथ भारी अन्याय करना है क्योंकि उन्होंने हाई कोर्ट में जो यह कहा कि आप उनके लिए ईवेल्युशन का कोई प्रोसैस कोई मापदण्ड तय कीजिए हर एक युनिवर्सिटी में। दिल्ली विश्वविद्यालय में उसके मापदण्ड

तय हुए हैं। सेलेक्शन कमेटी बैठती है। मैं जानता हूं कि आज भी दिल्ली विश्वविद्यालय में, मैं दिल्ली विश्वविद्यालय का उदाहरण इसलिए दे रहा हूं कि एक तो दिल्ली में हूं और यहां उनसे मिलते रहते हैं। और दूसरा कारण यह भी है कि दिल्ली विश्वविद्यालय का ही उदाहरण दे कर मंत्री जी ने यह प्रमाणित करने की कोशिश की है कि यह मैरिट प्रोमोशन स्कीम जो है वह विफल हुई है। मंत्री जी के अनुसार इस मेरिट प्रोमोशन स्कीम से रीडर्स और प्रोफैसर्स का सिर नीचे गिरा है। मैं कई लेक्चरर्स को जानता हूं जिनको इस प्रकार के वाक्यों से जो मंत्री जी ने दिये हैं या यू० जी० सी० के चेयरमैन ने दिये हैं, उनको उससे बहुत आघात हुआ है। मैं समझता हूं कि यह सवीपिंग स्टेटमेंट बहुत अन्यायपूर्ण है। महरोत्रा कमेटी ने कहा --

Owing to its mal-implementation, the scheme appears to have failed by and large to achieve its primary objective of rewarding merit. It has virtually culminated in time-bound promotions and the pursuit of excellence has fallen by the wayside.

In the Delhi University for example, after

यह मैं उनका वाक्य उदधृत करता हूं। मंत्री जी ने उस सदन में जो बयान दिया है उसको मैं कोट कर रहा हूं --

the implementation of the merit promotion scheme, professors account for 35 per cent of the total teachers, readers 45 per cent and lecturers a mere 20 per cent

उपसभाध्यक्ष (श्री जगेश देसाई) : थोड़ा आप ब्रीफ में बोलिये। बोलने वाले स्पीकर्स बहुत हैं।

श्री लाल कृष्ण आडवाणी : उपसभाध्यक्ष जी मंत्री जी का कहना है कि इस मेरिट प्रोमोशन स्कीम का परिणाम यह हुआ है कि वहां पर, दिल्ली युनिवर्सिटी में लेक्चरर्स केवल 20 परसेन्ट हैं। इस फीगर को देखने पर मुझे आश्चर्य हुआ। मैंने इस संबंध में और जानकारी प्राप्त करने की कोशिश की तो पता चला कि यह जो 20 परसेंन्ट उन्होंने गिना है समें खाली युनिवर्सिटी के लेक्चरर गिने हैं। दिल्ली में जो कालेजेज हैं उनके लेक्चरर्स को नहीं गिना है। कुल मिलाकर दिल्ली में 5776 लेक्चरर्स हैं। 5776 इन लेक्चरर्स में से 144 रीडर हुए है और 124 रीडर्स प्रोफेसर्स हुए। यह प्रोफेसर्स और रीडर्स का परसेन्ट इतना कम हो जाएगा कि यह तर्क कहीं खड़ा नहीं रह सकता है। यद्यपि यह जो तर्क है इसको और फीगर्स को मैं इस मामले में रिलेवेन्ट नहीं मानता।

That may be all right for a bureaucratic structure

मंत्री जी ने इसे इन्वार्टिड पिरामिड कहा है यह जो पिरामिड वाली थीसिस है इसमें ब्यूरोक्रेटिक हाइरारकी नजर आती है।

एजूकेशनल इंस्टिटयूशन्स में एकान्टेबिलिटी आप रीडर्स और प्रोफेसर्स का जहां तक संबंध है -

It is to the institution as a whole and not to a particular individual who is at the top of the hierarchy. It is to the students whom he is teaching.

यह जो कल्पना है, इसके कारण यह जो इंबर्टिड पिरामिड की थीसिस है, इसको मैं बेसिक्ली अनुपयुक्त मानता हूं, इसको इरिलेवन्ट और इनएप्लीकेबल मानता हूं। यह बात सच नहीं है और इसमें सचाई नहीं हैं। आंकड़ों के हिसाब से भी यह इंवर्टेड पिरिमिड नहीं बनता है। जो 7576 लेक्चरर्स हैं, विभिन्न कालेजों और दिल्ली विश्वविद्यालय में, उनमें से 144 रीडर बने हैं और 124 प्रोफेसर्स बने हैं। आंकड़ों के हिसाब से यह सही नहीं है।

डा० रत्नाकर पाण्डेय (उत्तर प्रदेश): मैं यह जाना चाहता हूं कि सीनियर लेक्चरर्स कितने बने हैं?

SHRI V. GOPALSAMY (Tamil Nadu): Ask the Minister, he will tell you.

SHRI NIRMAL CHATTERJEE: I have information from the Government. They do propose an inverse pyramid. They say the supplementary staff should be less and scientific and technical staff should be more.

श्री लाल कृष्ण आडवाणी : मैंने यह भी जानकारी की है कि क्या केवल एफक्स आफ टाइम से कोई रीडर बन जाता है, कोई प्रोफैसर बन जाता है, क्या यह सही है ? ऐसे उदाहरण है कि सयम आ गया है जिसके आधार पर उनको रीडर बनना चाहिए । लेकिन सिलेक्शन कमेटी ने उनको उपयुत नहीं पाया और मैंने पाया कि सभी डिपार्टमेंट में और सब विभागों में ऐसे लोग है जो सयम बीत जाने के बाद भी

They are not able to come up to the standards, the Selection Committee has laid for them, They are not promoted to Readership. They are not promoted to Professorship.

अर्थात, यह कहना कि दिल्ली के और हिन्दुस्तान के अध्यापकों का संघर्ष इस आधार पर है कि उनका ऐवेल्यूए-शन न हो, यह बात सही नहीं है । हिन्दुस्तान के संदर्भ में मैं इस बात को समझने में असमर्थ हूं कि क्लास वन सर्विसेज में आटो-मैटिक अपवर्ड मोबेलिटी हो और अध्यापकों को ही खाली इसके लिये अलग रखा जाय उनके यहां पर आटोमैटिक मौबेलिटी नहीं होगी । फिर भी क्योंकि हिन्दुस्तान में उन्हीं अध्यापकों ने इस बात को स्वीकार किया और जब हाई कोर्ट ने माना कि एवेल्यूशन होना चाहिए और सलेक्शन कमेटी बननी चाहिए जिसमें रिप्रेजन्टेटिव कौन कौन हैं, विजिटर के भी रिप्रेजेन्टेटिव रहते हैं, तो मुझे नहीं लगता कि यह कोई बड़ी बात है, यह कोई तर्क है जिसके आधा पर उनकी बात न मानी जाय ।

उपसभाध्यक्ष जी, ग्रेड व प्रमोशन उसके बाद तीसरा मुद्दा है सेन्टर 80% ग्रांट देगी और स्टेटस 20 परसेन्ट देगी। यह तीसरा एक विषय है कि पर झगड़ा हो रहा है । मैंने किसी से पूछा कि उसका फाइनेंशियल एम्पलीकेशन कितना होगा । आज अगर सेन्टर फैसला कर दे कि क्योंकि हम नयी एजुकशन पालिसी लाये हैं और उस नयी एजेंकेशन पालिसी में हम समझते हैं कि पिक्ट जो है वह टीचर्स हैं, और हम इस न्यू पे स्केल्स में प्रपोज करते हैं कि नये पे स्केल होने चाहिए उसके कारण जितना भी बर्डन स्टेटस पर पडेगा हम भुगतेंगे । सेन्ट परसेन्ट देंगे तो इसमें कितना एडीशनल एक्सपें-डिचर होगा जिस पर यह सारा झगड़ा हो रहा है तो मुझे बताया गया कि 33क रोड़ रुपया ।

Rs, 33 crores is the additional financial entailment. If the Government were to accept 100 per cent responsibility for these pay scales and if Rs. 33 crores is the financial liability that it entails,

मेरी समझ में नहीं आता कि इसको इश्यू बनाया क्यों गया । यह कहना कि सेन्टर एडवायजरी बोर्ड में यह बात मान ली गई थी यह शायद तथ्यों के हिसाब से भी सही नहीं है । शायद 6 मंत्री ऐसे थे विभिन्न राज्यों के जिन्होंने कहा कि सेन्ट परसेन्ट हमको मिलना चाहिए, सेन्टर की ओर से जो 20 परसेन्ट का बोझ हम डाल रहे हो यह ठीक नहीं है ।

उपसभाध्यक्ष जी, आखिरी बात मैं कहना चाहूंगा और वह यह है कि इस पूरे संदर्भ में अध्यापकों से जो चर्चा होनी चाहिए जो कन्सलटेशन होना चाहिए था वह कन्सल-टेशन नहीं हुआ ।...(**व्यवधान**)... कन्सलटेशन का इनका अपना एक तरीका है वह यह है कि पिछले साल महरोत्रा कमेटी ने जब रिपोर्ट दे दी यू० जी० सी० को तो यू० जी० सी० ने अध्यापकों के प्रतिनिधियों को बुलाया सलाह के लिये, 11 अगस्त, 1986 को और जब वे सलाह करने के लिये गये, कन्सलटेशन के लिये गये तो यू० जी० सी० के चैयरमैन ने उनको कहा कि हमने मैहरोत्रा कमेटी की रिपोर्ट को इन्डोर्स करके मंत्रालय के पास भेज दिया है । यह जानकारी देने के लिये हमने आपको बुलाया था। इसके बाद मंत्री जी से मैं अपेक्षा करता था कि मंत्री जी इस पर फाइनल फैसला करें इससे पहले कम से कम विस्तार से अध्यापकों से चर्चा कर लेते । वह भी चर्चा हुई बताया । यह कब हुई थी ? 10-11 और 12 जून को, अभी इसी साल के 10, 11 और 12 जून को मंत्री जी, की चर्चा हुई थी अध्यापकों के प्रतिनिधियों से और उस चर्चा में उनको जानकारी यह दी गई कि कैबिनेट में एक और दो मई को मैहरोत्रा कमेंटी की रेकमडेंशस को स्वीकार किया गया है और उसके आधार पर हमने फैसला कर लिया है और इसलिये जो सेन्ट्रल इश्यू हैं, जो प्रमुख मुद्दे हैं, उन पर

चर्चा नहीं हो सकती । अब पैरीफल पर कौन सी चर्चा हुई और उसका क्या परिणाम हुआ यह तो शायद मंत्री जी स्वयं बता सकेंगे । लेकिन में इन दोनों उदाहरणों को देकर आज फिर से सरकार से अपील करना चाहूंगा कि सरकार इसको प्रेस्टिज इश्यू न बनायें, प्रतिष्ठा और सम्मान का इश्यू न बनाये, मंत्रालय के अधिकारियों को बात करने के लिये न कहे बल्कि वे स्वयं प्रतिनिधियों को बुलाकर बात

4·00 P.M. करें । स्ट्रा क चलती है या नहीं चलती है उससे कोई संबंध नहीं है । आप हड़ताल वापिस लीजिये तो बात होगी, यह कोई मिल मालिक कहे तो उसके लिये ठीक होगा लेकिन हिन्दुस्तान के मानव संसाधन मंत्री श्री पी० वी० नरसिंह राव को यह बात शोभा नहीं देती कि वह कहें कि स्ट्राइक विदड्रा करो तो बात करेंगे । यह बहुत ही गंभीर समस्या है । अगर यह मामला उलझता गया तो कितने दिनों तक छात्रों का विद्यार्थियों का नुकसान होगा यह मैं नहीं कह सकता । इसीलिये सब से पहले इस बात की जरूरत है कि आप उनके प्रतिनिधियों को बुला लें । मैं तो यह भी सुझाव दूंगा कि इस सदन में कुछ हमारे साथी हैं, सम्मानित सदस्य हैं, जो अध्यापक हैं यूनीवर्सिटीज में कालेज में पढ़ाते हैं, उस सदन में भी हैं, ऐसे सभी अध्यापकों को बुला कर के उन से सलाह कर लीजिये, राय ले लीजिये और उनके बाकी के प्रतिनिधियों को भी बुला लीजिये । प्रमुख रूप से जब ऐसी स्थिति आ गई है कि यह अध्यापक पे स्केल्ज के मोनिटरी कंटेंट के बारे में झगड़ा नहीं करते हैं लेकिन अपने स्थान के लिये स्टेटस के लिये और उसके लिये कालेजेज और यूनीवर्सिटीज में देश के अच्छे से अच्छे गुणी योग्य लोग आते रहें इस बात की व्यवस्था होनी चाहिये और पे स्केल्ज ऐसे होने चाहियें यह मैं समझ नहीं पा रहा हूं कि इस में कोई दिक्कत क्यों होनी चाहिये । एक बात और पे स्केल्ज के साथ-साथ सर्विस कंडीशन उपयुक्त नहीं है । यह कहना जरूरी कि 17 तारीख के बयान में कहा गया है कि जो-जो यूनीवर्सिटीज हमारी न शर्तों को मानेंगी, सर्विस कंडीशन को मानेंगी वे ही पे स्केल्ज बढ़ायें, यह बहुत बड़ी गलती है और एक बहुत बड़ा अतिक्रमण है यूनीवर्सिटीज की स्वायतता में दखल देने का । मैं उन 6 यूनीवर्सिटीज को बधाई देता हूं जिन्होंने चाहे हल्के तौर से नरम तरीके से ही सही, विश्व-भारती ने तो बहुत जोरदार रेजोल्यूशन पास किया है लेकिन बाकी ने भी जिस प्रकार से अपनी स्वायतता पर केन्द्रीय सरकार के इस आक्रमण पर प्रतिक्रिया व्यक्त की है और कहा है कि हम इस प्रस्ताव को नहीं मानते । मैं उनको बधाई देता हूं उनका अभिनन्दन करता हूं । मैं आशा करता हूं कि मंत्री जी इस संबंध में जल्दी से जल्दी योग्य कदम उठायेंगे । धन्यवाद ।

डा० (श्रीमती) नाजमा हपतुल्ला (महाराष्ट्र): उपसभाध्यक्ष महोदय, जैसे कि आज आडवाणी जी ने कहा कि आज हम इस सदन में बहुत महत्वपूर्ण विषय पर विचार-विमर्श कर रहे हैं वह अन्दाज तो जब एक सवाल दो तीन दिन हुये इस सदन में उठा था उसी वक्त हुआ था न सिर्फ हमारे विरोध पक्ष के लोग बल्कि हमारी सरकार के जो ट्रेजरी बेंचेज के संसद सदस्य हैं उन्होंने भी यह खवाहिश की थी कि इस विषय पर सदन में पूरी तरह से चर्चा हो ताकि देश के अन्दर जो स्ट्राइक की परिस्थिति हो गई है उसका सही उपाय ढूढ़ा जाए । मैं मानती हूं कि आडवाणी जी ने कहा कि 2 लाख 30 हजार टीचर्स का सवाल है ।

(उपसभाध्यक्ष) (श्री हेच० हनुमन्तप्पा) पीठासीन हुए]

मैं समझती हूं कि यह सिर्फ दो लाख तीस हजार टीचर्ज का सवाल नहीं है जो यूनीवर्सिटीज और कालेज में पढ़ाते हैं बल्कि उनके साथ जुड़े हुये लाखों विद्यार्थियों का सवाल है, उनके भविष्य का सवाल है और उनके परिवारों का सवाल है, उनके मां-बाप का सवाल

[डा० (श्रीमती) नाजमा हेपतुल्ला]

है जो उन से जुड़े हुए हैं और हमारे पूरे हिन्दुस्तान के भविष्य का सवाल है। मैं यह भी जानती हूं कि भविष्य के सवालों और हमारे देश के जो स्टुडेंट्स का भविष्य है और उनकी शिक्षा के बारे में जो सरकार की सीरियसनेस है उसको एक नजर में रख कर हमारे प्र नमंत्री जी ने और राव साहब ने एक नयी शिक्षा नीति बनाई और नयी शिक्षा नीति या प्रणाली बनाने के साथ साथ उन्होंने यह भी सोचा कि किस तरीके से हमारे देश में जो हमारे अध्यापक हैं जो टीचर्ज हैं उनके स्तर को कैसे ऊंचा किया जाये। अभी आडवाणी जी ने खुद ही फरमाया अपनी तकरीर में कि इस प्रोफेशन को पांचवें दर्जे का प्रोफेशन समझा जाता था। अगर कुछ नहीं कर पाये, इंजीनियर नहीं बने, डाक्टर नहीं बने, मैम्बर पार्लियामेंट नहीं बने या आई० ए० एस० नहीं बने, आई० एफ० एस० नहीं बने मालूम नहीं क्या क्या चीज नहीं बने तो टीचर बन जाएंगे। क्योंकि टीचर का वेतन कम था लोग जब कुछ नहीं कर पाते थे तो टीचर बन जाते थे, ऐसा कुछ नहीं है, मैं नहीं समझती हूं कि यह बात सब के लिये सही तौर से लागू होती है। आडवाणी जी, हमारे देश में परम्परा है गुरु की जगह बहुत ऊंची थी और शिष्य का मुकाम था चाहे वह द्रोणाचार्य और एकलव्य हो या आज का हो।

उसकी अपनी एक जगह और अपना एक मुकाम मौजूद है। तो उस्ताद की जगह हमेशा खाली रहती है। यह जरूरी है कि इन्सान को जिंदगी गुजारने के लिये एक अच्छे वेतन की जरूरत होती है। कोई मुफ्त पढ़ाने वाला, डाक्टरी करने वाला या इंजीनियर नहीं मिलता है। इन्हीं सब चीजों को सामने रखते हुये सरकार ने यह कोशिश की कि हमारे टीचरों की तनख्वाह बढ़ायें और इसी लिये जो फोर्थ पे कमीशन की रिपोर्ट है उसको सामने रखें तो मेरे पास जो पुराने स्केल्ज हैं उनके के लिहाज से भी मैं अगर यह कहूं कि मैंने अपनी जिंदगी की पढ़ाई खत्म करने के बाद जो शुरूआत की थी तो एक टीचर के तौर पर की, कालेज में, तो मैं यह समझ सकती हूं कि टीचरों के दिल में क्या भावना होगी क्या उनके ख्यालात हैं और उन चीजों को लेकर वे **व्यवधान**) मैं आई० ए० एस० में जा सकती थीं पर गयी नहीं..... (**व्यवधान**) इसीलिये थे यह समझ सकती थी कि टीचरों के मन में क्या भावना होगी। मैं यह भी सदन के सामने बताऊंगी कि जब मैंने एक लैक्चरर के तौर पर नौकरी ली थी मध्य प्रदेश में, भोपाल में तो मेरी तनख्वाह थी 275 रुपये और उसमें से साल के साल हमारा इन्कम टैक्स भी कट जाता था। तो आप समझ सकते हैं कि उन दिनों और आज के दिनों में कितना फर्क है। अगर आज कोई लैक्चरर नौकरी के लिये दरख्वास्त देता है और उसको जगह मिलती है तो उसको कम से कम 2200 पये से कुछ ज्यादा ही मिलता है। 2200 रुपये बेसिक है और सब मिलाकर 3-4 हजार रुपये की तनख्वाह उसको मिलती है। मैं यह जरूर मानूंगी.. (**व्यवधान**) कि रुपये की कीमत घट गयी है, महंगाई बहुत बढ़ गयी है मगर उसके बावजूद भी कोशिश सरकार ने यही की है कि जितने भी जो हमारे कस्ट्रेंटस हैं रिसोर्सेज के ऊपर उनको सामने रखते हुये भी इनकी तनख्वाहों में जो कुछ मैक्सीमम बढ़ोत्तरी की जा सके वह की जाये। आपने जो मल्टिप्लिसिटि आफ ग्रेडस की बात की तो मैं समझती हूं जहां आप कहते हैं दूसरी जगह ग्रेड्स की मल्टिप्लिसिटी को कम किया गया है वहां मुझे यह समझ में आता है कि कुछ ग्रेड्स अलहिदा हो गये हैं। वैसे तो लैक्चरर, रीडर और प्रोफेसर इन तीनों हिस्सों में इनको डिवाइड किया है मगर जो ग्रेड्स किये हैं वे 7 नहीं 6 हैं क्योंकि 7वां जो है वह एक फिक्स वेतन है और प्रोफेसर एमरेटस का है। उसका इससे ताल्लुक नहीं है। अलहिदा तौर पर उसको पेमेंट होती है। उसको

उनके साथ जोड़ना मैं नहीं समझती हूं कि ठीक है। 6 में ही उनको डिवाइड किया गया है और यह सिर्फ सरकार ने इसलिये किये हैं ताकि किसी भी जगह पर कोई स्टैगनेंसी न हो और हर एक को मौका मिल सके कि वह आगे बढ़े और उसको दूसरे ग्रेड में जाने का मौका मिल सके। तीसरी बात मैं यहां पर यह कहूंगी कि जो आपने यहां लफ्ज इस्तेमाल किया है डिवाइड एण्ड रुल की पालिसी का तो मुझे नहीं लगता है आडवाणी जी यहां इस मौके पर यह ठीक होगा कि डिवाइड एण्ड रूल की बात को लेकर आयें क्योंकि उनके बारे में ब्यूरोक्रेट्स डिसाइड करने वाले नहीं हैं, जो कुछ भी उनके बारे में सोचा जायेगा वह एक एक्सपर्टस कमेटी होगी जिसमें यकीनन ब्यूरोक्रेटस नहीं होंगे बल्कि दूसरे एक्सपर्टस होंगे जो यह तय करेंगे कि उनको आगे के ग्रेड में तरक्की दी जाये कि नहीं।

श्री लाल कृष्ण आडवाणी : लैक्चरर, लैक्चरर ही रहेगा। लेक्चरर रीडर नहीं हो सकता।

डा० (श्रीमती) नाजमा हेपतुल्ला : आडवाणी जी, आपके सवाल के जवाब में मेरे दिमाग में यह आता है कि मान लीजिये आप एक बहुत काबिल स्टुडेंट रहे हों और मैं एक बहुत नालायक रही हूं, मैं यहां 30 साल से नौकरी कर रही हूं मगर क्योंकि मैंने यह 20 साल से नौकरी की है इसलिये नालायक होने के बावजूद भी मुझे उच्च ग्रेड मिलता है और आप जैसे जो गोल्ड मेडलिस्ट हो करके, तरक्की करके आये आपको मौका न मिले और आप 20 साल तक वहीं रुके रहें तो आप समझिये कि आपके मन में क्या भावना होगी। सरकार ने ये एवेन्यूज खोले हैं कि अगर कोई ब्रिलियेंट स्टूडेंट है ज्यादा पढ़ा सके ज्यादा कोशिश करे तो उसको इन्सेंटिव मिलना चाहिये ताकि वह आगे के ग्रेड में जा सके और सिर्फ इस वजह से नहीं जाये कि 20 30 साल से कालेज में जिंदगी गुजारी है बल्कि उसे यह मौका मिल सके। वह काबिल है तो ओपेन कंपटीशन में आ सके और कोई रोकना नहीं है कोई 20 25 साल की सर्विस वाला है कोई 5-10 साल की वाला है सबके लिये दरवाजा खुला है ओपेन कंपीटीशन का जिससे ज्यादा कोशिश होगी और ज्यादा लोग जा सकेंगे। इससे मैं समझती हूं कि हमारे बच्चों की तालीम के लिये बेहतरी होगी क्योंकि अच्छे लोग आगे बढ़ कर आयेंगे और पूरे हिंदुस्तान के लिये जो ओपन कंपटीशन होगा, तो पूरी रियासतों से लोग आकर दरख्वास्त करेंगे और कालेज और यूनिवर्सिटीज में काबिल लोग आयेंगे और जिस नीयत से सरकार ने यह नई शिक्षा नीति बनाई है, उसको इससे बढ़ावा मिलेगा।

मैं समझती हूं कि हम यहां यह बात छोड़कर कि हम किस तरफ से बोल रहे हैं, हमको यह देखना चाहिये कि हमारे देश के जो हजारों-लाखों स्टूडेंटस हैं, जो हमारे देश का भविष्य हैं, उनके विषय में क्या सही होगा, उन चीजों को मद्देनजर रख कर हमें बात करनी चाहिये।

मैं यहां यह भी कहना चाहूंगी मुझे मालूम है कि आज टीचर्स स्ट्राइक पर जरूर हैं, मगर यकीनन जो हमारे टीचर्स हैं, वह खुशी से स्ट्राइक पर नहीं गये होंगे क्योंकि जो टीचर होता है उसके मन में मां बाप तो अपने बच्चों को पैदा करके कालेज और स्कूलों में भेज देते हैं, उनकी जिंदगी बनाना, उनके दिमागों को रोशन करना, उनको तालीम देना, यह टीचर और गुरु का काम होता है और वही उनके फ्यूचर को संवारते हैं। मैं समझती हूं कि जो कुछ आज मैं यहां पर हूं यकीनन मेरे मां बाप के मेरे ऊपर कुछ एहसान हैं, मगर उसका ज्यादा हिस्सा मेरे उन तमाम टीचर्स का है जिन्होंने मुझे स्कूल से लेकर कालेज तक तालीम दी और मुझे इस काबिल बनाया कि आज मैं इस सदन में बैठ कर कुछ बात कर सकूं और उनके बारे में भी कह सकूं।

[डा० (श्रीमती) नाजमा हेपतुल्ला]

तो मैं यह समझती हूं कि यकीनन उनकी कुछ असुविधायें होंगी, मगर जहां तक मैंने इस विषय पर गौर किया है, मुझे उसमें कुछ खास असुविधा नजर नहीं आई।

जहां तक 80 परसेंट और 20 परसेंट का सवाल है कि पे कमीशन की रिपोर्ट को पूरी तरह से इम्पलिमेंट करने के लिये सरकार को चाहिये कि 100 परसेंट सेंट्रल गवर्नमेंट एड दे, तो यह सरकार के देखने की जिम्मेदारी है और मुझे यकीन है कि राव साहब इस बात पर जरूर गौर करेंगे कि किस तरीके से जो पे कमीशन की रेकोमेंडेशन हैं, उनको पूरी तरह से म्पलिमेंट किया जाए और वह चाहे यहां से 80 परसेंट दें या 90 परसेंट दें या 100 परसेंट दें, इस सिलसिले में मैं कुछ नहीं कहूंगी। मैं सिर्फ यही कहूंगी कि राव साहब इस बात का खास ख्याल रखें..(**समय की घंटी**)...सरकार इस बात का ख्याल रखे कि वह इम्पलिमेंटेशन जो उसका हो, वह किस तरीके से पूरे हिंदुस्तान में एक साथ हो जाये ताकि कहीं पर डिसपैरिटी न रहे।

श्री राम अवधेश सिंह : (बिहार): मैं एक क्लैरिफिकेशन चाहता हूं।

उपसभाध्यक्ष (श्री हेच० हनुमन्तपा): आप बैठ जाइये, अवधेश जी। नो क्लैरिफिकेशन।

श्री राम अवधेश सिंह :*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H. HANUMANTHAPPA): No, I am not allowing you. A number of speakers are there. I am not allowing any interruption. ... *(Interruptions)* ...

श्री राम अवधेश सिंह :*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H. HANUMANTHAPPA); Nothing to go On record. I have not permitted you *(Interruptions)*... lt is not going on record.

*Not recorded.

डा० (श्रीमती) नाजमा हेपतुल्ला : अवधेश जी ने मुझे नालायक कहा, तो मैंने तो यह लफ्ज इस्तेमाल नहीं किया। मैं समझती हूं....(**व्यवधान**)

श्री राम अवधेश सिंह : गोल्ड. मडलिस्ट कहा ना... (**व्यवधान**)

मानव संसाधन विकास मंत्री तथा स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री पी० वी० नरसिंह राव) : यह गोल्ड मडलिस्ट हैं, लेकिन अपने आपको नालायक कहा... (**व्यवधान**)

डा० (श्रीमती) नाजमा हेपतुल्ला : आपसे तो मुझे इसी बात की उम्मीद है कि आप मुझे नालायक समझेंगे। मुझे कोई शिकायत नहीं है।

श्री राम अवधेश सिंह : मैं आपको नालायक नहीं समझता हूं।...(**व्यवधान**) उसमें यह डिमार्केशन करना तो गलत है।

डा० (श्रीमती) नाजमा हेपतुल्ला : जहां यह कहा जाता है कि हरेक को—तो मान्यवर, कोई पाईपलाइन या ट्यूब तो है नहीं कि इधर से हम डालें और उधर से गोली वैसी की वैसी निकल आए। यह तो ग्रेडेशन होते हैं। इन्सान एक सीढ़ी से दूसरी सीढ़ी चढ़ता है और किसी भी सर्विस को देखें, तो सारे जो सर्विस में शामिल होते हैं वह पूरे के पूरे कोई आई० ए० एस० के हों, तो सब सेक्रेटरी लेवल पर तो रिटायर नहीं होते।

आप हम लोगों की मिसाल लीजिये कि हम लोग पार्लियामेंट में आते हैं पर सारे के सारे तो मंत्री नहीं बन जाते हैं, कुछ एम० पी० भी रहते हैं। इसका मतलब यह नहीं होता है कि जो कोई मंत्री नहीं बनता है, वह नालायक होता है। वह भी काबिल होता है, उसका भी योगदान होता है।

एक माननीय सदस्य : बदकिस्मती होती है।...(**व्यवधान**)

डा० (श्रीमती) नाजमा हेपतुल्ला : उसको भी ताईद नहीं करने वाली हूं। **(व्यवधान)** मान्यवर, मैं यह कहूंगी कि यह मसला ऐसा है कि इसके ऊपर गंभीरता से सोचना चाहिये और मैं उन लाखों टीचर्स से इस बात की ख्वाहिश करूंगी और हमारे जो विरोध पक्ष के लोग हैं जो उनके बारे में हमदर्दी रखते हैं और उतनी ही हम भी हमदर्दी रखते हैं, मुझे उम्मीद है राव साहब को भी उनसे उतनी ही हमदर्दी है क्योंकि उनका भी ताल्लुक कहीं न कहीं एजुकेशन से रहा है। हिन्दुस्तान में तालीम का जो शोबा है, जो एजुकेशन है उसका कभी भी ऐसा नहीं हुआ कि अहमियत नहीं दी गई हो ; जब पंडित नेहरू की सरकार थी उस वक्त जो उनके सब से ज्यादा करीब के दोस्त थे, आजादी की लड़ाई के रहनुमा मौलाना आजाद को उन्होंने वह महकमा दिया और आज भी राजीव जी की सरकार में उनके जो सबसे सीनियर मंत्री हैं उनको यह एजुकेशन का महकमा दिया गया है। आप को याद होगा जब चीन के साथ हमारी लड़ाई हो रही थी और यह सोचा गया कि कहां से हम अपने रिसोर्सेज निकाल कर अपनी डिफेंस पर खर्च करें तो उस जमाने में कृष्णा मेनन जी ने कहा कि हम कहीं से भी अपने रिसोर्सेज कम कर देंगे, पेट काट लेंगे लेकिन हम एजुकेशन के ऊपर कमी नहीं करेंगे। इसलिये कि अगर हम एजुकेशन में कमी करेंगे तो हम देश के हित में बहुत नुकसान करेंगे। तो जहां इतनी अहमियत सरकार ने दी है मुझे यकीन है, मैं इस्तेदा करूंगी, मैं उनसे अपील करूंगी हमारे जो टीचर्स हैं जो 2 लाख 30 हजार टीचर्ज स्ट्राइक पर गये हैं उनसे मैं कहूंगी कि वे ठंडे दिल से सोचें कि सरकार ने जो कुछ बनाया है उनके हक में बनाया है, सरकार कोई उनकी दुश्मन नहीं है कि उनका कोई नुकसान करना चाहती है। अपनी तरफ से उन्होंने खुद रिकमेंडेशन दी है और महरोत्रा कमेटी के अन्दर कोई ब्यूरोक्रट्स नहीं थे, महरोत्रा साहब खुद बहुत बड़े यूनिवर्सिटी के एमीनेंट प्रोफेसर थे, वह भी इसी लाइन से आये थे, उन्होंने भी सोचकर किया होगा और मुझे यकीन है कि कोई प्रोफेसर दूसरे प्रोफेसर के हक में नुकसान नहीं कर सकता। मैं सिर्फ राव साहब से ख्वाहिश करूंगी कि आप थोड़ा नरमी के साथ जैसा कि आप कर रहे हैं उन लोगों से बात करें और उनसे भी कहूंगी कि जो हजारों लाखों आवर्ज का नुकसान हुआ है उसको ध्यान में रखते हुये हम यहां यह सोचकर नहीं कि हम आपोजीशन से बोल रहे हैं या ट्रेजरी बैंचेज से बोल रहे हैं बल्कि यह सोचकर कि हम देश के हित में बोल रहे हैं और इसके लिये क्या सोचना चाहिये यह सोचकर ख्वाहिश करूंगी कि स्ट्राइक कल ही बन्द हो जाये तो बहुत अच्छा है। धन्यवाद।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H. HANUMANTHAPPA): Hon. Members, there are 18 persons yet to speak on the subject. So, I request you kindly to take note of the bell and plan your speeches to be within your time so that everyone of you can take part.

SHRI V. GOPALSAMY; Only 18 speakers, but two-and-a-half lakh teachers are On strike.

DR. R. K. PODDAR (West Bengal): Mr. Vice-Chairman, Sir, everybody has high regards for the hon. Minister, Mr. Narasimha Rao. But it is very curious that he has taken a very unreasonably rigid stand with regard to the strike by the university and college teachers, and to justify his rigid stand he has even taken recourse to inaccuracies in the statement he has made in the Lok Sabha; many of which have- been pointed- out by my esteemed colleague Shri Advaniji.

Sir, what are the major issues? The I major issues before the teachers, professors of colleges and universities are these: AH over the world the usual gradation of the university and college teachers is, lecturers, readers and equivalent ranks. In the United States they call them Associate professors and professor[1]?. Why disturb these three grades, these three scales and make them 6 or 7 or 9! Please keep them as such. Recession has occurred, the cost of living has increased. So, you adjust thee pay scales. That has been done. There is not much difference, not very much argument on the revised pay scales. While you have revised the pay-scales, you have put in

[Dr. R. K. Poddar]

certain conditions of service which is agitating the minds of all kinds of teachers. Even the teachers of prestigious institutions like JNU, Delhi University, Aligarh Muslim University, Calcutta University and Allahabad University, everywhere, they have opposed it almost to a person. There are a few of course, but they are an insignificant minority. Can all of them be wrong? So, I would request the hon. Minister to be a little more reasonable and not to pose the issue as a "take it or leave it" issue. Kindly see to it. In fact, you are trying to put the things in this fashion that already there are five grades. But you yourself know it very well that at present, there is a grade called senior lecturer in some universities. We don't have such a grade in Calcutta University. But senior lecturers are the same as the readers. They have the same scales as the readers have and the professor of eminence, which the university tried to introduce, not a single professor accepted, it. it exists on paper but actually, these are three grades. Now, you have split up the lecturer scale into three grades reader scale into two and professor scale into two.

SHRI P. V. NARASIMHA RAO: No, readers also three. Now, there are only two grades in professor's seals two in reader's scale! Three were already two grades in the case of lecturers. They have been raised by one.

DR. R. K. PODDAR: No, senior lecturer is similar to reader.

SHRI P. V. NARASIMHA RAO: Not senior, but selection grade. *{Interruption)* That has nothing to do with the normal run up. Keep it aside in both lists. Don't add this here, don't add it there.

DR. R, K PODDAR: Now, these two schemes these new proposals that you have introduced, the major thrust is: you want to introduce a so-called caste system in the academic sphere. That means you want to give the promotional avenues to lecturers but keep them lecturers all their life Lecturers can be senior lecturers and salection grade lecturers as if you make some body a sudra and then a senior sudra and then a selection grade sudra but you .never allow him to become a Kshatriya *(Interruptions).* Now what was wronc with the current merit promotion? There is an observation regarding merit promotion in Mehrotra Committee Report as Advani Ji has mentioned. But, Sir, I do not want to elaborate but everywhere, (he merit promotion cases were detlt with by the same Selection Committee like other selections. At least, in Calcutta, we had the same Selection Committee and Professors and Readers were selected by the same Committee as the oPen post. It may be that in the case of merit promotion, there were experts from the Chancellery experts appointed by the Syndicate, experts appointed by the Faculty. They were, perhaps, a little lenient. It could be possible and there could be other lapses there. I do not deny it. But the question is you have lapses in election also but do you propose that the election process shall be done away with? There is rigging in elections. For that *do* you say there shall be no election? We can sit around the table and can suggest or devise means in which we ca,n make the merit promotion system foolproof. So, all the teachers want that the existing system be continued. Keep the existing merit promotion avenues intact and frame new rules. Everybody should think. It is a national question. It is not a party question OT partisan question. All should sit together and devise rules which should be more foolproof. So, do not make the teachers appear as if they are shying away from evaluation, running away from evaluation system and they are the villain of the piece. If you point at the teachers, if you deny the teachers what they wrint, do you think everything will be all right? Do you think the condition of education in the country today is because of teachers? Are the teachers the guilty persons?

Regarding the 'Inverted Pyramid, a lot has been said. I do not repeat. I can only quote the latest figures with the University Grants Commission in 1984-85 What

does trie All lndia picture show? Between 1980 and 1985, Professors and Readers *were* about 29 per cent in 1980. They are now 33 per cent in 1985. lt was exactly the policy of the UGC to convert one-third of the Teachers to Readers and Professors, making promotions. What was wrong in it? The next question, a major question, on which the teachers are agitating is regarding the 100 per cent assistance to States to implement, This is a major issue which we should all realise very seriously. Even in the case of the 1973 Sen Committe, three States could not implement: It because they put up the argument, the usual argument, that they have constraint of resources. Now. if you continue this kind of working, the financial burden will be a lot more. So. only if the Centre takes 100 per cent responsibility for the new scheme at least for five years, uniformity can be ensured on the All India scales.

1 would lastly request the hon. Minis-t.i not to stand on prestige. Kindly call a meeting It could even be a tripartite meeting with the representatives of the teachers for which you can invite Members of both the Houses of Parliament from all parties. We could sit around and evolve a via media by which an honourable settlement could be arrived at.

Thank you, Sir.

श्रीमती वीणा वर्मा (मध्य प्रदेश) : आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय, आपके माध्यम से मैं शिक्षा मंत्री जी व सदन का ध्यान वर्तमान शिक्षक जगत की अराजकता के संदर्भ में अपनी प्राचीन शिक्षा की विरासत की ओर दिलाना चाहती हूं। अगर अपने भारतीय शिक्षा व्यवस्था के समृद्ध अतीत पर हम गौर करें तो पता चलता है कि हमारी शिक्षा व्यवस्था कितनी बुनियादी और व्यावहारिक थी। शिक्षक के प्रति समाज में अत्यंत सम्मान का भाव था। उस परिवेश में गुरु और शिष्य की परम्परा अटूट थी। उस जमाने में गुरु का कोई नियंत्रण नहीं था क्योंकि गुरु स्वयं मूल्यों का नियामक था। इसीलिए गुरु समाज के लिए एक आदर्श था। ऐसे परिवेश में शिक्षित होकर एक शिष्य भी अपने गुरु की तरह अत्यंत प्रतिभाशाली, उदार और आदर्शवादी हुआ करते थे। ऐसे में ऐसे गुरु और शिष्य समाज के सामने भी एक आदर्श उपस्थित करते थे। जिसकी रोशनी समाज में एक नयी आस्था पैदा करती थी। अगर उदाहरण ही देना है तो ऐसे बीसियों उदाहरण गुरू शिष्य परम्परा के दिए जा सकते हैं। महर्षि पाणिनि, वरतन्तु, ऋषि द्रोणाचार्य आदि ऐसे ही गुरु थे जिनके ज्ञान की लौ ने हजारों शलाका शिष्यों को पैदा किया। उन्नीसवीं शताब्दी के उदय तक हमारी शिक्षा व्यवस्था में अपनी प्राचीन विरासत के प्रति एक गहरी आस्था और उस स्रोत से ग्रहण करने की आदत थी। संस्कृत भाषा को ज्ञान परम्परा के महान गुरु आचार्य विरजानन्दव दण्डी का नाम अज्ञात नहीं है, जिन्होंने स्वामी दयानन्द सरस्वती जैसे आर्य समाज के महान पथ प्रदर्शक को अपने संरक्षण में रखकर पढ़ाया-लिखाया। शिक्षा समाप्ति के बाद उन्होंने स्वामी दयानन्द जी को उपदेश दिया कि 'मेरे योग्य शिष्य, आज पूरा देश घोर अंधकार में भटक रहा है। तुम मेरे योग्य शिष्य हो। मेरी इच्छा है कि तुम पूरे संसार में अपने ज्ञान की रोशनी बिखेर दो।' स्वामी दयानन्द जी ने जो कुछ किया - उससे आज पूरा देश और भारतीय समाज वाकिफ है, इसे बताने की जरूरत नहीं।

जाहिर है कि इस तरह की शिक्षा व्यवस्था किसी सरकारी नियंत्रण में नहीं थी, न ही किसी राजाश्रय का दखल था। बल्कि पूर्ण रूप से गुरु इच्छा पर केन्द्रित थी। लेकिन क्या कारण है कि आज की शिक्षा व्यवस्था तमाम सरकारी साधनों व सुविधाओं के बीच उतनी विकसित और बुनियादी नहीं हो पा रही है जिसकी अपेक्षा थी। आज इसकी खोज करनी आवश्यक है।

बाद में जब अंग्रेजों का शासन आया तो गुरु शिष्य की यह परम्परा एकदम से टूट गई। पूरे देश में व्यक्तिगत प्रयासों से चले रहे गुरुकुल टूट गए। संस्कृत भाषा सीमित वर्ग के लोगों के बीच चलती गई।

[श्रीमती वीणा वर्मा]

पूरे देश में अंग्रेजों ने अंग्रेजी शिक्षा व्यवस्था का प्रचार प्रसार प्रारंभ किया । उन्होंने भारत के लिए जो शिक्षा व्यवस्था लागू की उसमें लार्ड मकाले की शिक्षा प्रद्धति प्रतिमान बनाई गई । ऐसे कठिन दौर में शिक्षा व्यवस्था में परिवर्तन के साथ सामाजिक मूल्यों में भी विघटन हुआ । उस महान परम्परा के गुरु की जगह एक वेतन भोगी कर्मचारी शिक्षक और घरों में पार्ट टाइम पढ़ाने के लिए ट्यूटर का जन्म हुआ । जाहिर है कि इससे शक्षिक प्रयोजनों पर सीधा असर पड़ा। शिक्षा मात्र कायस्थों की जरिया हो गई । ऐसे में उस गुरु और शिष्य की परम्परा का पूर्ण खात्मा हो गया ।

आजादी के इन चालीस वर्षों में हमारी शिक्षा व्यवस्था कमोवेश आज भी लार्ड मकाले की शिक्षा व्यवस्था से पूर्ण छुटकारा नहीं पा सकी । फलतः हमारे यहां उच्च शिक्षा प्राप्त युवक साक्षर होते है, शिक्षित नहीं । इन चालीस वर्षों में गौर से देखा जाये तो हमारे विश्वविद्यालयों ने छात्र और छात्राओं को महज साक्षर बनाया, उन्हें पूर्ण शिक्षित नहीं बनाया । यह आज एक निर्मम सच्चाई है कि अयोग्य छात्र इसीलिए पैदा हो रहे है क्योंकि योग्य शिक्षक हमारे विश्वविद्यालयों में बहुत कम है । अधिकांश विश्वविद्यालयों के हर विभाग में मिडियाकर और तृतीय श्रेणी की प्रतिभा वाले लोग शिक्षक का दायित्व संभाले है जिन्हें न तो अपनी प्राचीन शिक्षा व्यवस्था के बुनियादी सिद्धातों का पता है और न ही आधुनिक जीवन की दिशा को नियंत्रित करने वाली नई शिक्षा व्यवस्था का ।

फलतः पिछले दो दशकों में विश्वविद्यालयों का शैक्षणिक स्तर बहुत गिरा है। पठन पाठन का महोल कई जगहों पर बिल्कुल समाप्त सा है शिक्षक अपनी गलत सही मांगों को लेकर साल भर कोई न कोई हड़ताल करता रहता है। जाहिर है इससे सरकार का अंकुश भी बहुत बढ़ा है। ऐसे सरकारी हस्तक्षेप के कारण आज भारतीय शिक्षा व्यवस्था लगभग शिक्षा मंत्रालय की दीवारों में बैठे कुछ सीमित अधिकारियों के हाथों में आ चुकी है जो वर्तमान शिक्षा व्यवस्था के ढांचे को पूर्ण पूर्णतया एक वर्कशाप या कोयला खदान के रूप में परिवर्तित करना चाहते हैं। यह रास्ता निश्चित रूप में हमारी शिक्षा व्यवस्था का एक खतरनाक मोड़ है जिससे बचना आवयश्क है ।

महोदय, 4 अगस्त से पूरे देश के विश्वविद्यालयों म शिक्षकों की हड़ताल है । अपनी वर्तमान स्थिति को देखते हुए ऐसा नहीं लगता कि शिक्षकों की हड़ताल इतनी जल्दी खत्म हो जाएगी । शिक्षकों ने मेहरोत्रा समिति के वेतन और शिक्षकों के प्रमोशन संबंधी सभी सिफ़ारिशों को नामंजूर कर दिया है । इस तरह पूरा शिक्षक समुदाय आक्रोश और क्षोभ की सीमा तक पहुंच कर आज केन्द्रीय शिक्षा नीति के नए कदम का निर्मम आलोचक हो उठा है ।

सवाल यह है कि उच्च शिक्षा के स्तर को ऊंचा करने के लिए मंत्रालय का शिक्षा विभाग कैसे यह मान रहा है कि वह जो योजना बना रहा है, वह सौ फीसदी उचित है जब कि शिक्षा के लिए जिम्मेदार उपकुलपति, विद्वत परिषद्, शिक्षक सभी उस योजना को अस्वीकार कर रहे हैं । शिक्षकों की जों मांगें हैं उनके बारे में यह नहीं कहा जा सकता कि वे सौ फीसदी उचित है, लेकिन इतना तो है कि अपने देश का शिक्षा का स्तर कैसे ऊंचा हो, आकर्षक हो, इसकी जानकारी निश्चय ही शिक्षा मंत्रालय के प्रशासनिक सचिवों से उन्हें अधिक है । आश्चर्य तो यह है कि महरोत्रा समिति ने इस प्रयोजन से जो अच्छी सिफारिशें अपनी रिपोर्ट में की थी उन्हें अस्वीकार करके सचिवों ने फिलहाल जो साबित किया है वह शिक्षा के हित में नही है। और तो और जब मंत्रालय से यह रिपोर्ट प्रकाशित हुई तो अपनी ही रिपोर्ट को तोड़-मरोड़ कर इसे वर्तमान रूप में पेश किये जाने से पहले हैरान प्रो० मेहरोत्रा ही हुए थे । शिक्षकों की हड़ताल के मुख्य तीन मुद्दे हैं :

लेक्चरार, रीडर और प्रोफेसर की तीन श्रेणियों में अध्यापकों को वेतनमान के जरिये विभाजित करना, उनमें वर्ग भेद पैदा करना होगा इससे उनका मनोबल गिरेगा ।

हड़ताल का दूसरा मुद्दा है--सन् 1983 में सरकार ने जो मेरिट प्रमोशन स्कीम लागू का थो उसे समाप्त करना उन पर कुठाराघात है । अध्यापकों के सारे सेवा काल में एक प्रोन्नति का अवसर न देना, निश्चय ही शिक्षा सचिवों की किसी मानसिक ग्रंथि का कारण है।

शिक्षकों की तीसरी मांग है--अध्यापकों के वांछित वेतनमानों और प्रोन्नति योजना को एक साथ सारे देश में लागू कराना। मेहरोत्रा कमेटी ने केन्द्र द्वारा दी जाने वाली शत-प्रतिशत सहायता के लिए सिफारिशें की थीं लेकिन शिक्षा मंत्रालय ने इसे नामंजूर करके मात्र 20 प्रतिशत केन्द्रीय सहायता देने का राज्य सरकारों के लिए प्रस्ताव किया है जबकि सन् 1973 के वेतनमान भी अध्यापकों को नहीं दिये जा रहे ।

देश में पहली बार 23,000 अध्यापकों की हड़ताल सामने है जिसका सीधा असर 34 लाख उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों पर पड़ा है । आमतौर पर देखने में ऐसा लगता है कि ऐसी हड़ताल का थोड़ा बहुत असर स्वयं अध्यापक और विद्यार्थी के अतिरिक्त किसी और पर नहीं पड़ता। पर अनिश्चित कालीन इस स्ट्राइक को यों ही होने देना और दरवाजे बंद करके बैठ जाने की सरकार की नीति बहुत अच्छी नहीं। अतः मैं एक बार फिर इस सदन के माध्यम से आप से कहना चाहूंगी कि इस स्ट्राइक के निराकरण के लिए जल्दी ही ऐसा कदम उठायें जिससे शिक्षक और सरकार के बीच संवाद का कोई विवेकपूर्ण रिश्ता कायम हो सके।

पिछले दिनों मानव संसाधन मंत्री जी ने शिक्षकों की मांगों को पूर्णतया गैर-वाजिब साबित करते हुए उन्हें विश्वविद्यालय में लौट आने की सलाह दी है, मुझे नहीं लगता कि शिक्षक इस तरह हथियार डाल देंगे बल्कि छात्रों ने व अन्य संस्थाओं ने भी इस हड़ताल का समर्थन देने का आश्वासन दिया है । जरूरत इस बात की है कि सरकार शिक्षकों की मांगों पर एक बार फिर पुनर्विचार करे और जरूरी मांगों पर समझौते के जरिए ऐसा कोई रास्ता निकाले जिससे इस समस्या का कोई सार्थक हल जल्दी ही निकल सके। धन्यवाद:

डा० बापू कालदाते (महाराष्ट्र) : उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं पहले यह कहूं कि आज के मानव संसाधन मंत्री का हमारे राज्य की कई शिक्षण संस्थाओं से निकट का संबंध है, इतना ही नहीं जब हैदराबाद का मुक्ति संग्राम चल रहा था और जिन लोगों के नेतृत्व में यह संग्राम चल रहा था उसमें आप भी एक थे तो कैलाशवासी स्वामी जी के साथ आपका बहुत निकट संबंध रहा और आज कई बहुत अच्छी संस्थायें मराठवाडा में चलती है जिन्होंने इस स्वतंत्रता मुक्ति संग्राम में एक बहुत बड़ा महत्वपूर्ण काम किया है एक नया वातावरण तैयार करने के लिये, एक नयी प्रेरणा देने के लिये, एक समर्थ शक्तिशाली सरकार के खिलाफ जूझने के लिये । मैं यह मानता हूं कि जैसे स्वतंत्रता संग्राम के लिये कोई एक नयी प्रेरणा, नया सामर्थ्य, नयी दिशा आवश्यक थी वैसे ही एक नया समाज बनाने के लिये नयी शक्ति और नयी प्रेरणा की आवश्यकता है । आप स्वयं जिस नयी शिक्षा नीति का अनुपालन इस देश में कराना चाहते हैं। नयी शिक्षा नीति को यहां लागू करके नये मूल्यों की प्रतिष्ठापना करना चाहते हैं, नये परिवर्तन की तरफ एक नयी प्रेरणा नवयुवकों में जागृत करना चाहते हैं, ऐसी ही हम आपसे अपेक्षा करते हैं । अगर इससे कहीं सहमत नहीं होता तो शायद मैं यह अपने प्रिलिमनरी भाषण में नहीं कहता। हम को इस बात का दुख है कि जिनमें पुराने मूल्यों की जागृति है और नये मूल्यों के लिये भी प्रयास करना चाहते हैं वैसे आप जैसे व्यक्ति इतने महत्वपूर्ण विषय पर इतने अड़े रहेंगे यह हमारे समझ के बाहर की बात है । मैं यह भी कहना चाहता हूँ कि मैं आम तौर पर शिक्षकों की स्ट्राइक के खिलाफ हूं मैं यह नहीं मानता कि शिक्षकों की कोई ट्रेड यूनियन बन जाये जहां पर ज्यादा दाम और कम काम की घोषणा की जाये। शिक्षक हमारे समाज का एक ऐसा अंग हैं जिस पर बहुत बड़ी जिम्मेदारी है । बालकों को संस्कार देने का काम वे करते हैं । इसलिये जब कभी शिक्षकों की स्ट्राइक होती है तो आम तौर

[डा० बापू कालदाते]

पर मेरी राय यह रहती है कि जरा आप इसको देख लीजिये, बात कर लीजिये और अगर बात करके बात सुलझ सकती है तो वह काम कीजिये। जैसा मैंने कहा, अध्यापकों का काम संस्कार करने का है। इस स्ट्राइक के बारे में भी शुरू में मुझे लगा कि शायद कोई पैसे की बात है कोई आर्थिक सवाल हो, लेकिन जैसा आडवाणी जी ने कहा, इसमें पैसे की बात नहीं है। अगर वे कहते कि हमको आपने 4500/ रु० का वेतन दिया है, इसके बदले 6000/ का वेतन दीजिये तो यह एक दूसरी बात थी। लेकिन उनका कहना है कि पैसे के संदर्भ में वे यह संघर्ष नहीं कर रहे हैं। जैसा आडवाणी जी ने साफ कहा कि यह उनकी प्रतिष्ठा का प्रश्न है। अपनी प्रतिष्ठा के लिये, शिक्षा की स्वायत्ता के लिये और जिन मूल्यों को आगे बढ़ाया जाना चाहिये उन मूल्यों के लिये वे संघर्ष कर रहे हैं। जब अध्यापकगण 17 जुलाई, 1987 को आपसे मिले थे उस वक्त शायद डाक्टरों की हड़ताल चल रही थी। जहां तक मेरी जानकारी है, वह जानकारी गलत भी हो सकती है, जो कुछ रिपोर्ट आई है, ए० आई० एफ० यू० टी० ने अपनी मांग आपके सामने रखी। लेकिन आपने जो निर्णय लिये उससे शिक्षकों में निराशा पैदा हुई। मैं यह स्पष्ट कहना चाहता हूं कि शिक्षकों का संबंध सिर्फ उन तक ही सीमित नहीं है, उनका संबंध बालकों में संस्कार करने से भी है। अगर उनके मन में निराशा और कटुता पैदा होती है तो इसका असर समाज के दूसरे वर्गों पर भी पड़ेगा। यह कटुता विद्यार्थियों के अन्दर भी फलेगी। उसका परिणाम समाज के लिये अच्छा नहीं हो सकता है। इसलिये मैं ऐसा मानता हूं कि शिक्षकों में कटुता और निराशा का परिणाम अच्छा नहीं हो सकता है। पैसे के संबंध में कोई निराशा होती है तो उसका संबंध अध्यापकों तक रह सकता है, लेकिन उनके आत्म-सम्मान का प्रश्न हो तो इसका संबंध पूरे समाज से होता है। यह बहुत गंभीर बात है। इस संबंध में मैं अधिक नहीं कहना चाहता हूं, आडवाणी जी ने आपके सामने बहुत से प्रश्न रखे हैं। मैं सिर्फ एक दो बातें कहना चाहता हूं। इस संबंध में यह कहा गया कि इस मामले का संबंध राज्य सरकारों से है। यह भी कहा गया कि राज्य सरकारें ऐसा नहीं कर रही हैं। मैं इन सारे सवालों में नहीं जाना चाहता हूं। मैं सिर्फ इतना कहना चाहता हूं कि यह कहा गया है कि राज्य सरकारें चाहें तो ये वेतनमान दे सकते हैं चाहें तो कम वेतन भी दे सकते हैं। दूसरी बात राज्य सरकारें चाहें तो 1-1-86 के बाद भी दे सकती हैं। यह गलत होगा। शिक्षकों की क देश में एक माहौल बनेगा और उसका असर भी अच्छा पड़ेगा। ग्रेडस के बारे में मुझे इतना ही कहना है कि ग्रेडस से मुझे डर लगता है फेवरिटिज्म का। जितने ही ग्रेड बढ़ते जायेंगे उतनी ही इसकी संभावना ज्यादा होगी। क्योंकि शिक्षा संस्थानों को आप भी जानते हैं और हम भी जानते हैं। आफ्टर आल वी कम फ्राम दि सेम सासाइटी। हम में भी और सब शिक्षकों में जो लोग हैं वे दूध के धोये हैं ऐसा मैं खुद नहीं मानता हूं। लेकिन हमको ऐसी मदद करनी चाहिए जिससे उसमें ज्यादा खराबियां न आयें। इस में कम से कम खराबी आये इतनी ही बात हो सकती है। अगर हम, उनकी जो मांगें हैं, जो ग्रेड वे चाहते हैं उनको रखकर उनकी मांग अगर पूरी करें तो इसमें मदद हो सकती है। इससे उसमें जो भी फेवरिटिज्म हो वह भले ही होता हो तो भी हम यह बात कर पायेंगे। इसलिये मेरी यह मांग है उनकी मांगों को मानकर इस बात को समाप्त करें।

लास्ट में, मेरी समझ में नहीं आता, हम सब लोगों से बात करते हैं तो इन लोगों से बात करने में क्या बिगड़ता है? आज तक इनसे बात क्यों नहीं हुई। आपने कहा कि क्योंकि स्ट्राइक चल रही थी इसलिए बात नहीं हो सकी। उन्होंने पहले ही अनाउन्स कर दिया था कि हम चार तारीख से सट्राइक पर जा रहे हैं। यह अच्छा होता अगर 4 तारीख से पहले उनसे बात हो जाती यह मैं मानता हूं। 15 दिन बीत गये और इससे अधिक दिन की स्ट्राइक शिक्षा की दृष्टि से अच्छी नहीं है हमें उनके मन में निराशा और कटुता की भावना को रोकना है। इसके लिए मेरी आपसे दरख्वास्त है कि आप उनसे बात करें और जो भी समस्यायें

उन्होंने आपके सामने रखा है उनको सुलझाने का प्रयास करें ताकि जिस दिशा में आप देश को ले जाना चाहते हैं उस दिशा में जाने में वे सक्षमता से काम कर सकें।

SHRI VITHALRAO MADHAVRAO JADHAV (Maharashtra); Mr. Vice-Chairman, Sir, a very serious situation has arisen in the country because 2,30,000 university teachers have gone on strike from 5,600 colleges and 150 Universities. The strike is going on since 4th August, 1987. As my other friends have already stated, 34 lakh students have been badly affected.

Sir, I have a triangular outlook towards this problem. The first thing is that there is an impression that a man goes to the profession of teaching either as a school teacher or a college teacher if he does not get employment anywhere or he misses ail the technical lines. It is not correct because there are some inherent defects in this and the outlook of the society towards education is not very constructive till today. Sir, my Government has brought the New Educational Policy and we have tried our level best to standardize education and the educational manpower. And for that purpose, we have started the Human Resource Ministry. We have accepted the R. C. Mehrotra Committee Report and we have tried to remove the disparities in the salaries. Though we have created seven grades in the teaching line in the colleges and universities, the salary or the pay for the Lecturer previously was Rs. 700 to 1600 and now they have a pay scale of Rs. 2200— 4,000. Then, for the Senior Lecturer which was not existing at all earlier, the scale of pay is Rs. 3,3000—5,000. Then for the Lecturer (Selection Post), there are three grades. Earlier it was Rs. 1200 to Rs. 1900. Now it is Rs. 3,700 to Rs. 5,300. The same grade is there for the Reader. For the Professor it was Rs. 1500 to Rs. 2,500. Now it is Rs. 4,500 to Rs. 7.300. For the Professor of Eminence, it was a fixed salary of Rs. 3,000. Now it has become a fixed salary of RS 8,000. Sir, if I may mention I was aiso a Demonstrator once. I rose from, the post of Demonstrator to the grade of Professor. I was employed on a monthly salary of Rs. 90. Including allowances, I was getting just Rs. 180 per month in 1962. And when I resigned as Professor, I was getting a basic pay of Rs. 800. I was getting some Rs. 1200 in total. When I compare those grades with the present grades, I feel that we are giving tremendous salaries now. But at the same lime we must see how the professors are working in the colleges, how many periods they take md how much work they do. If you go towards the universities and the colleges and have a look at them, you will find that not a single professor is taking more than three periods in a day and not *mora* than 25 to 26 periods in a week, though our UGC has prescribed more than 60 or 70 periods a week, we are paying them th: salary of more than Rs. 7600. What will the common man of this country think about tWese professors? I will not mind if we give them Rs. 10,000. *But* when we look towards our economic situation, when we look towards the standard of our common man, then these salaries are too high. This is one side of the picture.

Secondly, Sir, when we look towards some other officers, we see that they are getting high salaries. I am of the view that a college professor or teacher has better merit than that of an IAS officer.

So. what I would like to suggest is that at the time of selection, the selection process should be such that it is harder and stricter for the lecturer and the professor and it should be equivalent to that of the IAS officer. It will not be possible to get that quality of people but We must have the training facilities. The Ministry of Human Resource Development must put in its efforts to prepare such manpower, educational manpower so that our future generation which is coming in this country is of a better quality.

Sir, whin we look towards the grade of a lecturer, we see that in five years the salary of a lecturer is Rs. 2500, while as an IAS officer at the end of five years gets Rs. 3200 plus a special pay of Rs. *500. A* lecturer in the ninth year gets Rs. 3000 I and an IAS officer gets Rs. 3500 plus a

[Shri Vithalrao Madhavrao Jadhav]

special pay of Rs. 500. At the end of 13th year, a lecturer or Reader will be getting Rs. 3500 and an IAS officer will be getting Rs. 4800 plus Rs. 500 as special pay. That is the disparity. Then an IAS officer can go up to the level of a Secretary also. I do not agree with the Hon. Minister that having seven or eight greades is more advantageous. As I see, we must have only three grades for lecturers, readers and professors. But at the time of the selection you must be very strict and see how a lecturer is to be appointed. But at the time of fixing the salaries we must have some equilibrium with the salaries of other bureaucrats and officers. 1 know except the IAS officers all the other officers are get-ing very low salaries. Sir, there is nothing very unnatural or very divine about the quality of IAS officers that they are given very high salaries. I have seen so many IAS officers who do not know so many things. The man who goes to the district as an IAS officer, he commits so many blunders and indulges in oorruption eiter under the Employment Guarantee Scheme or under the NREP or the RLGP. He commits so many mistakes, he indulges in corruption and he gets the highest salary. That disparity should be removed. *{Interruptions)* Somebody else may also be the agent of an IAS officer. Sir, what I mean to suggest is that we must have some machinery whereby there can be equality in pay.

Sir, the other thing which I would like to suggest is that there should not be multiplicity of grades. The multiplicity of grad-have been opposed by the Kothari Commission and other committees. Multiplicity of grades should not be there. There should be only three grades for lecturers readers and professors.

Sir, in some of the universities, in Calcutta university and some other universities there is a rule that after six years' of service a lecturer can become a reader and after eight years a reader can become a professor. These things are there. There should be some fixed period after which a lecturer is promoted as a reader and a reader is promoted as a professor. Then the lecturers must have some refresher training and they should be able to train their students. All the problems in the country today are due to education only. When I look towards the functioning of my university, the Marathwada university, my esteemed colleage, Dr. Bapu Kaldate, and Hon. Minister, Shri Narasimharao also come from there, I am not happy. And when we visit that university, we feel ashamed. There are so many cases of corruption. Hundreds of such cases are going on in the High Court Bench at Aurangabad. So, we should see to it that corruption from the universities is totally rooted out and that should be our first priority, because unless we can remove corruption from educational system, our total national life cannot be purified.

Lastly, we are giving very high salaries to the Professsors. It must at he same time be ensured that they do full justice to the work, either of teaching or research and if anybody is found unsuitable, his services should be immediately terminated. We must not allow dirty politics to remain in our educational system.

I would conclude by quoting Pandit Jawaharlal Nehru:

"पंडित जी ने कहा था: हर इन्सान अपना हक मांगता है। हक मांगना ठीक बात है। मगर साथ-साथ उनका कोई फर्ज भी होता है। जो इंसान अपना फर्ज पूरा नहीं करता वह हक भी मांग नहीं सकता।"

PROF. C. LAKSHMANNA: (Andhra Pradesh) I rise to speak with any amount of sadness, because I understand the psyche of the University and college teachers, for I had been one myself for the last 25 years or so. I know, no University teacher or a college teacher would like to be on the roads, much less to demonstrate before the Government for their legitimate rights. But nonetheless, lakh, of teachers spanning over 150 Universilies and about 5000 to 6000 colleges are today agitating for what has been their legitimate right which has been denied to them.

There are three main points of contention about which a mention has been made already, and I will start with the last point first, namely, need for giving cent per cent assistance to the States so that they can implement the scales with effect from 1-1-1986. This date has been accepted for implementation of the scales. Respected Minister, Shri P. V. Narasimha Rao says that he talked to the Ministers of the States and they are likely to agree to implement the scales even with 80 per cent grant from the Centre. 1 would like to agree with him on the face of it, but I would remind him that a State like Kerala has not implemented the scales so far and if the Minister tells me that he will be able to persuade such governments to implement even with 80 per cent grant from the Union Governmment, it is some thing which I will not easily bite. That is the reason why Mehrotra Committee has categorically recommended that there has to be cent per cent grant given to the State Governments so that they can implement from the same date on which it is implemented by the Central Universities. But unfortunately, the Minister is adament *on* this. He is also adament on another point which creates differences between one set of Universities in one State and another set of Universities in another State, regarding notional fixation of the orades. I will not go into it because different States are giving different rates of D. A. and the new scales take this into consideration. Therefore, a Professor in one State may have to be fixed at a much lower salary than the one in some other State. Nonetheless, Union Government has rejected that also. I request the Minister to consider these two issues.

Then I come to the important issue, namely, multiple pay structure and also promotions.

Again, here, I will start with merit promotion, the scheme that was available earlier. What is humiliating is that on the one hand, Government feels that the merit scheme is not to be encouraged because it does away with the evaluation process which I contest. On the other hand, the Union Government says that if they still want merit promotion, they can opt for old scales. In this connection I would like to correct the Minister regarding evaluation. I had been associated with the merit promotion of professors, lecturers and readers in different universities, I would like to bring to the notice of the hon. Minister the process involved in the merit promotion evalnation. Unlike the normal promotion for readers and professors through the selection committee, in the case of merit promoion, evaluation is done by two more people because the bio-data of the candidate concerned is sent first to two experts who give their opinion regarding the suitability Or otherwise of the teacher concerned. Tney put in a seal and send it to the selection committee. This selection committee which is constituted for the purpose of readers or professions as the case may be is the same as the one which is constituted for merit promotion also. In the case of regular selection for readers or professors, here is an advertisement and this is an advertisement which is meant for all, over the country; what is known as all-India merit basis. Excepting this particular clause, in the case of meril promotion, all other steps for evaluation are being followed, have been followed and this —this is' the strength of the merit promotion scheme. Therefore, if the hon. Minister says in the other House or elsewhere that teachers do not want the evaluation programme, I do not agree with it. I contest it The existing merit promotion does take the evaluation process into consideration as explained earlier.

The second point is, in the existing scheme, a person with ten years and Ph.D. or M.Phil or a person with 15 years experience without Ph. D. could be considered for promotion and after selection, he becomes a reader. This means, in the existing promotion scheme, for a teacheer, an avenue was available which was based on evaluation. An avenue was available after ten or fifteen years as the case may be. But now, to attain the same scale, which is equivalent to the scale of a selection grade lecturer, he has to wait for 20 years. Even from this point of view, I think, there is injustice done to the college

[Prof. C. Lakshmanna]

and university teachers. A person who is appointed as a lecturer can become a senior lecturer only after eight years by which time he would have a Ph. D. which was not the earlier case or at least M.Phil, and other conditions. After having become a senior lecturer, he has to wait for another 12 years before he could be considered for the post of selection grade lecturer. The scale of selection grade lecturer and the scale of reader has the same start. Therefore, what could have been attained under the merit promotion scheme in about ten or fifteen years, now, even to become a selection grade lecturer, not to speak of the designation, one has to wait for 20 years. 1 think, no natural justice can over allow such a thing to happen. We have progressed in time. There cannot be any regression in terms of the facilities that are available in the profession. As per the 1973 scales and subsequently under the merit promotion scheme, a lecturer could bscoine as 1 was mentioning, a reader in about ten or fifteen years. Now, he has to wait for twenty years to become a selection grade lecturer. Then, what is the advani age of going through this three plus two plus one; six grades? In the case of the second one, it was not recommended; it was added by the Ministry. What is the logic? What is it which is being achieved as a result Of this? If somebody could explain to me that by changing the grades from three to six, this is the type of additional justice, this is the type of meaning, being achieved, I am ready to accept it. But I do not think so. Nonetheless we are now wanting to have six grades instead of three. The recommendation and the consistent demand of the university and college teachers and educationists ati over had been to reduce the grades to two. In fact in the Third or Fourth Plan scales we had only two scales—Assistant Professor and Professor. Only when we came to the 1973 scales, or a little before that, we came hack to three grade system. From there now we, want to go to sis grade system. Therefore, I would like to appeal to the Ministe- to kindly consider this.

Then what i. the rationale in having any now scheme? A new scheme, if it is introduced, it is to benefit the ultimate product—the ultimate product being the student Now if the student is kept in mind and if we consider the teacher as the pivot round which the student community has to be built in the educational process, then what is the strength that is being created in the system which the ultimate product, namely the student, will get out of it? I do not see any. Therefore I would like to request the Minister to kindly consider this.

Apart from this, another thing which has been continuously contested by the teachers—and which was conceded in the 1973 scales—is the parity with the bureaucrat-.. What is the reason for the parity? The reason for the parity was this that the university teachers' position being scaled down there was a natural erosion of talent from the teaching positions. Therefore we had to attract it to teaching. If that is the case, the parity would have been maintained. Now, as I was mentioning, if somebody starts as an IAS officer or an IFS officer on the one hand and as a Lecturer on the other, which is the same starting point, in aboiit 17 years' time, the difference in pay between the IAS officer and a university teacher will be about Rs. 1900 and if we add Rs. S00 which is added as Special Pay when once they go into first promotion, the difference will be about Rs. 2400. Therefore on the one hand, we want to have an educational system where all good people should come, they should be continuously equipping themselves with acquisition of degrees by publications, by producing research projects, programmes and papers, Ph.D. and so on and so forth, on the other hand when it comes to the qnestion of giving scales, we are hesitating. Therefore, I would like to once again ask as to how you are going to attract the talented people into education so that they, in turn, will create the cream which will have to occupy several positions, including that of IAS officers. Therefore I appeal to the Minister to kindly consider these three legitimate, genuine and good demands of the teachers and prevent any further their being out of colleges and universities, their

being on the road thereby depriving lakhs and lakhs of students who should have been in the classes but who are not in the classes because the teachers are not there. And all (his can happen only if the Minister gives up his present stand. I know this is the first time he has taken such a stand. I had the privilege of knowing him for the last 25 years. He was our Education Minister in Andhra Pradesh State. He has been Education Minister here. He has been our Chief Minister and he has been in several other capacities I do not know why there is a new streak in him, of adamancy. Why is it that he is being so adamant in not opening a dialogue with the striking teachers? I asked him the other day. when did they give you the strike notice? How many attempts were made by them to reach you? How many times could you meet them? If you could not meet them, what is more important than meeting 2 lakh 30 thousand teachers and through them lakhs and lakhs of students? I do not know the reason but, nonetheless, the Minister has been very adamant. Therefore, I once again appeal to the Minister to kindly open the dialogue, discuss with them, try to convince if there are some points on which you can convince them. But go with an open mind to get convinced. In this process, kindly shake off whatever little influence the bureaucracy has, perhaps, exerted on you. It is my appeal because I am not in the habit of stating things which can be contested. Otherwise I could have cited what a particular bureaucrat said in an interview: I do not want to cite that. I appeal to you: Kindly shake off what little influence that has come on you from the bureaucratic hold—which is not good for the educational process. If you do that and if you accept whatever ore the legitimate demands of the teachers who have been agitating for the last 14 or 15 days— and thereby causing loss of so many man-days for the teaching community as also for the students—I think you will be doing a great service to the educational process in this country. Thank you.

डा. रत्नाकर पांडेय : माननीय उपसभाध्यक्ष जी, मेहरोत्रा कमेटी के संदर्भ में जब प्रश्न सदन में आया था तो माननीय नरसिंह राव जी ने आग्रह किया था कि इस पर एक डिबेट होनी चाहिए और मुझे खुशी है कि आज यह माननीय सदन इस महत्वपूर्ण सामयिक समस्या पर विचार करने के लिए अपने निर्भीक और स्पष्ट मत को अभिव्यक्त कर रहा है। जहां तक मेहरोत्रा कमेटी की रिपोर्ट का प्रश्न है, हमारे माननीय अनेक विरोधी दल के मित्रों ने आरोप लगाया कि आज ब्यूरोक्रेसी के हाथों में खेलने की कोशिश की जा रही है। ...(व्यवधान)...बिल्कुल कहा गया है, मैंने नोट किया है, किसी सदस्य ने कहा है। मेहरोत्रा कमेटी की रिपोर्ट को मैंने पढ़ा है और उसमें साफ लिखा हुआ है :—

"समिति ने एक ऐसी योजना की सिफारिश की है, जिसके अनुसार हर प्राध्यापक को अपनी नौकरी के दौरान अतिरिक्त योग्यताएं अर्जित करने के साथ ही संतोषजनक कार्य-मूल्यांकन रिपोर्टों के होने पर दो पदोन्नतियां अवश्य मिल जायं। समिति ने कुछ चुने हुए कालेजों में रीडरों और प्रोफेसरों के पद बनाने का भी सुझाव दिया है। समिति जोर देकर कहना चाहती है कि रीडरों और प्रोफेसरों के पदों पर हमेशा अखिल भारतीय आधार पर चयन होना चाहिए।"

मैं जानना चाहता हूं माननीय... (व्यवधान)...

श्री रामअवधेश सिंह : इसमें आपको ब्यूरोक्रेसी नजर नहीं आती है।

THE VICE CHAIRMAN *(SHRI* H. HANUMANTHAPPA): Don't interrupt, pkase. Please don't answer any intsrrup .

डा. रत्नाकर पांडेय : माननीय उपसभाध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार के शिक्षा मंत्री महोदय से जानना चाहता हूं कि क्या अखिल भारतीय आधार पर चयन की प्रक्रिया आपकी नई शिक्षा-नीति में रहेगी या सिविल

[डा० रत्नाकर पांडेय]

सर्विस में जैसे आप परमोशन देते हैं, उस तरह से भारत की नई शिक्षा-नीति चलाना चाहते हैं, आप पर यह दायित्व डाला गया है ? मैकाले ने 1827 में जो क्लर्क बनाने का कारखाना पैदा किया उसके बाद स्वतंत्र भारत में 39 वें वर्ष में एक नए ढंग से शिक्षा के क्षेत्र में एक ऐसा प्रधानमंत्री आया, जिसने नई शिक्षा नीति पर, जिसने अपनी योग्यता के अनुरूप बिना डिग्रियों के काम मिल सके, सोचा और आप चयन की प्रक्रिया को आल इण्डिया कंपीटीशन से मिटा करके परमोशन की स्कीम चलाना चाहते हैं या इस तरह का कंपीटीशन का काम करना चाहते हैं? इस देश की प्रतिभाएं जो कन्या कुमारी से लेकर कश्मीर तक आगे तक हैं, उनको अपनी योग्यता के अनुसार, अपनी प्रतिभा के आधार पर, अपने ज्ञान के आधार पर, अपने संस्कार के आधार पर अपनी योग्यता निर्धारित करने का स्थान मिले चाहे वह लेक्चरार हो, चाहे प्रोफेसर हो, चाहे रीडर हो, चाहे और कुछ हो, उसके संबंध में कहा गया कि जिसको कोई काम नहीं मिलता, वह शिक्षक हो जाता है । मैंने बीस वर्षों तक शिक्षा के क्षेत्रों में दिल्ली विश्वविद्यालय में प्राध्यापक और प्रिंसिपल के रूप में काम किया है और मैं जानता हूं कि संसद सदस्य भी यहां आते हैं, वह भी हाजिरी लगाते हैं। लेकिन दिल्ली विश्वविद्यालय में अध्यापक कहीं पर रजिस्टर में एण्ट्री नहीं करता है, वह इसे अपमान समझता है । वह सोचता है हम क्यों अपनी उपस्थिति दाखिल कराएं, इसमें अपना अपमान समझता है । आप करना क्या चाहते हैं ? आपने नई शिक्षा-नीति में चार बातों पर जोर दिया है— विकेन्द्रीकरण, सहयोग, स्वायत्तता और उत्तरदायित्व । मैं स्पष्ट करना चाहूंगा इस सदन में कि एक ओर जब आटोनोमी की बात चलती है तो दूसरी ओर एकाउंटेबिलिटी की भी बात चलनी चाहिए । एक ओर जब नियम और कानून की बात होती है तो यूनिवर्सिटी का प्रोफेसर कनवेंशन की बात करता है। कोई-न-कोई होल है जिससे वह बचकर के अपनी शर्तें मनवाना चहता है । नरसिंहराव जी मैं बड़े सम्मान के साथ कहना चाहता हूं कि आज सारे देश के लाखों टीचर्स ने स्ट्राइक की है । एक चैलेंज आपके सामने है। जहां तक टीचर्स से बात करने का सवाल है, पिछली हड़ताल का वाकया मुझे याद है । दिल्ली के महामहिम उपराज्यपाल महोदय कपूर साहब उसमें पड़े और टीचर्स ने अपने मन से बना लिया समझौता उन्होंने अखबारों में पढ़ा मुझे भी अनुभव है । कुछ लोग जुड़ना चाहते हैं और अपनी शर्तों पर जबरन मनवाने लगते हैं। कोई एक व्यक्ति चाहे यू० जी० सी० का चेयरमैन हो, चाहे सेक्रेटरी हो या मिनिस्टर हो एक साथ सब से बात नहीं कर सकता। कोई एक प्रतिनिधि अध्यापकों का आकर के बात करे नाकि सामूहिक रूप से सभी यह भेंट करने की प्रवृत्ति यदि बंद नहीं हुई तो नई शिक्षा नीति का क्या होगा इस पर भी हमें विचार करना होगा ।

एक बात कही गई है कि मेहरोत्रा कमेटी में एक भी शिक्षाविद नहीं हैं सारे ब्यूरोक्रेट्स हैं। मैं इसे पढ़ देता हूं— प्रोफेसर आर० सी० मेहरोत्रा, राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर में प्रोफेसर रहे है श्री सईद हमीद, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में कुलपति रहे हैं, डा० डी० एम० नंजुनदप्पा (कर्नाटक सरकार में संस्थागत वित्त विभाग) कर्नाटक विश्वविद्यालय में कुलपति रहे हैं, डा० (श्रीमति) वनाजा आयंगर, जोकि श्री पद्मावती महिला विश्वविद्यालय तिरुपित की कुलपति हैं, श्री आनंद स्वरूप गोविदवल्लभ पंत यूनिवर्सिटी आफ एग्रीकल्चर एंड टैक्नालोजी में कुलपति रहे हैं, प्रोफेसर एन०एम० स्वनी, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, नई दिल्ली के निदेशक हैं, प्रोफेसर एस० रामशेषन, भारतीय विज्ञान संस्थान बंगलौर के निदेशक हैं, प्रोफेसर जी० एस० भल्ला कृषि मूल्य आयोग, प्रोफेसर सी० मांडे नागपुर विश्वविद्यालय, उपसभाध्यक्ष जी मैं यह इसलिए बता रहा हूं कि जो आरोप लगाए जा रहे हैं कि ब्यूरोक्रेट्स हैं, तो इसमें इतने सदस्य हैं जिसमें कि एक भी ब्युरोक्रेट नहीं हैं । सारे-के-सारे शिक्षा जगत के लोग हैं । इसलिए मैं नाम पढ़ रहा हूं । प्रोफेसर आर० के० पारिम, कला, इतिहास एवं सौंदर्यशास्त्र

विभाग बड़ौदा, प्रोफेसर श्रीमति अनिता बनर्जी जादवपुर विश्वविद्यालय, डा० के० एन० उडुप्पा, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय श्री ग्लाडविन एम० राय, प्रधानाचार्य सेंट जोंस कालेज आगरा, श्री आर० के० छाबड़ा एक्स सेक्रेटरी, यू० जी० सी० संयुक्त सचिव, शिक्षा, डा० श्रीमति लतासिंह, सचिव वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद। इसके अलावा जो एस० जी० महालिक संयुक्त सचिव, वित्त, प्रोफेसर एस० के खन्ना यू०जी०सी० के सचिव हैं। इसका मतलब यह है कि सारे देश के शिक्षाविदों ने मिलकर इस रिपोर्ट को तैयार किया है। इस मतलब से मैंने इतने विस्तार से नाम पढ़े हैं।

उपसभाध्यक्ष महोदय, इसमें अध्यापक और समाज के बारे में जो मंतव्य दिया गया हैं उसकी ओर भी मैं आपका ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा। यह मंतव्य अखिल भारतीय विश्वविद्यालय और कालेज अध्यापक संगठन परिषद का है। इसमें बताया गया है कि "अध्यापकों को चाहिए कि वे इस बात को मानें कि शिक्षा एक प्रकार की जनसेवा हैं। उन्हें चाहिए कि वे अपनी संस्थाओं के शैक्षिक कार्यकलापों से जनता को अवगत कराते रहें। समुदाय में शिक्षा संबंधी सुधार लाने के लिए कार्य करें और समुदाय के नैतिक और बौद्धिक जीवन को सुदृढ़ करें। सामाजिक समस्याओं की जानकारी रखें और ऐसे कार्यक्रमों में हिस्सा लें जो समाज की उन्नति और उसके माध्यम से पूरे देश की उन्नति में सहायक हों।"

उपसभाध्यक्ष महोदय, आज टीचर्स के नाम पर बहुत से राजनीतिक पार्टी के वर्कर्स हैं जो कि शिक्षा से जुड़ना चाहते हैं, बहुत से विदेशी कार्ड होल्डर हैं मैंने पहले भी कहा है और पुनः उसको दोहराना चाहता हूं कि जब तक एसोसिएशनबाजी और यूनियनबाजी बंद नही होगी चाहे वह टीचर्स की हो, चाहे छात्रों की हो, चाहे कर्मचारियों की हो तब तक आप नई शिक्षानीति का कार्यान्वियन कर सकेंगे इसमें मुझे संदेह है।

माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, हमारी उत्तर प्रदेश सरकार ने हायर एजुकेशन को एसेनसिएल घोषित करने का निर्णय किया है। क्या आप भी यह करेंगे। जब तक आप तीन चीजों पर ध्यान नहीं देंगे तब तक आप नई शिक्षा नीति का कार्यान्वित और इतने बड़े समुदाय की जो हड़ताल की समस्या है उसको हल नहीं कर पाएंगे।

80 परसेंट सेंटर देगा और 20 परसेंट स्टेट गवर्नमेंट दे, यह सेकेण्डरी है। इसमें कुछ दर्जन करोड़ रुपए का मामला है। मै तो मांग करूंगा कि जब तक शिक्षा को ऐसेंसियल सर्विस आप नहीं बनाते हैं, तब तक शिक्षा का उद्देश्य पूरा नहीं होगा।

माननीय उपसभाध्यक्ष जी, शिक्षा आत्म साक्षात्कार का साधन है, एकाग्रता आत्म साक्षात्कार की कुंजी हैं। जब तक इस देश में दृढ़ संकल्प होकर अध्यापक कार्य नहीं करेगा, छात्र एकाग्रचित्त होकर अध्ययन नहीं करेगा, तब तक शिक्षा की समस्या हल नहीं हो पाएगी।

महोदय, पिछली बार आंदोलन हुआ था तो उस समय नो वर्क नो पे का सिद्धांत जिस दिन डिलिवर किया गया था उसके तीन दिन के भीतर हड़ताल खत्म हो गई। हर चीज में हम सबमिशन करेंगे, हर चीज में सरेन्डर करेंगे तो काम नहीं चलेगा। क्या शिक्षा मंत्रालय में आज इतनी हिम्मत है कि वह हड़तालियों की सर्विस ब्रेक करे, नो वर्क नो पे डिक्लियर करे? श्रीमन्, एक इंटरव्यू में मैं देख रहा था टेलीविजन में शिक्षा के संबंध में किसी गार्जियन महिला ने कहा..."अध्यापक ब्लेकमेल इस हड़ताल से कर रहे हैं।"

उपसभाध्यक्ष (श्री एच० हनुमंतप्पा) : पांडे जी, कृपया कंक्लूड कीजिए।

DR. RATNAKAR PANDEY; I am going to conclude within three minutes.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H. HANUMANTHAPPA): No please conclude in one minute.

DR. RATNAKAR PANDEY: Then, how can it be done? If you don't allow, I can sit.

[डा० रत्नाकर पांडेय]

श्रीमन, मैं कह रहा था कि नो वर्क नो पे अगर लागू करना है तो उसमें विलम्ब मत कीजिये । लेकिन अध्यापकों की हर शर्त हम जो चाहें वही करायेंगे, यह नीति घातक है, राष्ट्र के लिये घातक है, आने वाली पीढ़ियों के लिये घातक है ।

महोदय, तीसरा जो सबसे महत्वपूर्ण तत्व है, शिक्षा के क्षेत्र में वह है मल्टि-प्लिसिटी आफ ग्रेडस । 7 ग्रेड आपने बनाये हैं । मैंने खुद अपनी अध्यक्षता में कम से कम सवा सौ लोगों को अपने कालेज में लैक्चरर पद से सीनियर लैक्चरर और रीडर बनाया है । माननीय सदस्य ने मेरे प्वाइंट का जवाब नहीं दिया कि कितने सीनियर लैक्चरर बनाये गये सैकड़ों रीडर हुये हैं और प्रोफेसर हुये हैं । लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि हमारे यहां गुरु की बहुत बड़ी महिमा है । हमारे यहां कहा गया है--

गुरु गोविन्द दोऊ खड़े काके लागूं पाय,
बलिहारी गुरु आपनो जो गोविन्द दियो बताय ।

मां-बाप तो बच्चों को पैदा कर देते हैं, लेकिन उसका संस्कार अध्यापक करता है । अध्यापक राष्ट्र का दिशा निर्देशक होता है । हमारे यहां चाणक्य जैसे अध्यापक हुये जिन्होंने चन्द्रगुप्त को शासक बनाया, वह चुटिया बांधकर झोंपड़ी में रहता था । गुरु के बारे मे कहा गया है--

गुरु ब्रह्मा गुरु विष्णु,
गुरुः देवो महेश्वरः
गुरुः साक्षात परमब्रह्म,
तस्मै श्री गुरवे नमः ।

गुरु साक्षात परम ब्रह्म है, गुरू ईश्वर से बढ़कर माना गया है । लेकिन आज वह अपनी शर्तों पर काम करना चाहे तो उससे क्या आशा की जा सकती है ? गुरु का जीवन त्याग और सत्य का जीवन होता है । अध्यापक समाज को नई दिशा, नई रोशनी दे सकता है । ऐसी स्थिति में अध्यापक क्या चाहता है यह हमेशा के लिये स्पष्ट हो जाना चाहिये । सरकार क्या चाहती है, अध्यापक क्या चाहता है और छात्र क्या चाहता है, इसका पता लगाने के लिये मैं शिक्षा मंत्री महोदय से अनुरोध करूंगा कि वे इस के लिये गंभीरता से सोचें । जब पढ़ाई आरम्भ होती है तो धमकी दी जाती है कि हम हड़ताल करेंगे जब परीक्षा होनी है तब हड़ताल होती है, इस तरह से चीजें नहीं चलेंगी । मेरी यह स्पष्ट मांग है कि शिक्षा को एसेंशियल सर्विस बनाया जाय और इसके लिये ऐकाउंटे-बिलिटी अवश्य फिक्स की जाये ।

SHRI K. MOHANAN (Kerala) What are your views regarding the University teachers strike? What is your point, 1 would like to know. The discussion is regarding the University teachers strike. You have delivered a very good speech. I accept it. But the point is, preci-ely what is your point and what is your opinion regarding the University teachers strike?

DR. RATNAKAR PANDEY; My points are very, very clear.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H. HANUMANTHAPPA): Mr. Mohanan, the House has no time to reply to your questions.

डा० रत्नाकर पाण्डेय : महोदय, मैं अपना वक्तव्य समाप्त करते हुये कहना चाहूंगा कि शिक्षा का व्यावसायीकरण रोकिये और जो ट्रेड यूनियन का ट्रेंड है इस पर एक बार पूरा सदन गंभीरता से विचार करे । क्या शिक्षा को भी लेबर यूनियन बनायेंगे ? कल्याण परिषदें हों, वेलफेयर बोर्ड हों, अपनी प्रतिभा के अनुसार, अपने ज्ञान के अनुसार, अपनी योग्यता के अनुसार उसमें लोग रहें काम करें और उनकी समस्याओं का हल हो । लेकिन इसको लेबर यूनियन बनाकर छोड़ दिया गया तो सारे देश में जो हड़ताल चल रही है वह निरन्तर चलती रहेगी । बड़ी कड़ाई के साथ अगर नयी शिक्षा नीति का जो चैलेंज सारे देश की ओर से आया है मंत्री जी अगर आप उस चैलेंज को मीट न करके, उसका मुकाबला न करके, उस चुनौती का मुकाबला न करके पलायनवाद और सरेंडर की नीति अपनाई तो मैं पुनः कहूंगा कि

हमारी नयी शिक्षा नीति का जो 1827 के बाद नया चिन्तन शुरू हुआ राष्ट्र में और जो सारे विश्व को एक नया जीवन दर्शन दे रहा है वह सफल नहीं हो पायेगा इसलिये मैं आशा करता हूं और मुझे पूरा विश्वास है कि बड़ी कड़ाई से और निर्भीकता से इस पर हमारा शिक्षा मंत्रालय कार्रवाई करेगा । धन्यवाद ।

(Interruptions')

SHRI K. MOHANAN**:** Sir, the scope is very limited. This is not a discussion on... *(Interruptions).* This is a question on the strike of the University Teachers.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRl H. HANUMANTHAPPA): Please, sit down Mr. Mohanan.

